उज्जैन
बुधवार
06
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-182
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



मेट गाला-2026 : ईशा अंबानी ने पहना 1800 हीरे जड़ा ब्लाउज डेब्यू में करण जोहर ने राजा रवि वर्मा की पेंटिंग से प्रेरित आउटफिट पहना
पेज- 8

## मैं आजाद पंछी, शेर की तरह लड़ूंगी, इस्तीफा नहीं दूंगी, हम साजिश से हारे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आगे कहा- चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। इधर, कोलकाता के न्यूटाउन इलाके में एक भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि तेज आवाज में म्यूजिक बजाने पर टीएमसी के एक कार्यकर्ता और उसके साथियों ने पीट-पीटकर भाजपा कार्यकर्ता की जान ले ली।



## पुणे में नाना ने 9 साल की नातिन से दुष्कर्म की कोशिश की

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे के पर्वती में 9 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप बच्ची के नाना पर है। पुलिस ने आरोपी नाना को हिरासत में ले लिया है। घटना मंगलवार शाम की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, बच्ची अपने माता-पिता के साथ रहती है। उसका नाना हाल ही में घर के पास बने एक कमरे में रहने आया था। आरोप है कि नाना बच्ची के साथ गलत हरकत करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान एक पड़ोसी ने टीन शेड के बीच से घटना देख ली और शोर मचा दिया। शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

## कर्ज से परेशान पाकिस्तान ने शराब एक्सपोर्ट शुरू किया

**इस्लामाबाद।** कर्ज से जूझ रहे पाकिस्तान ने 50 साल बाद फिर से दूसरे देशों को शराब बेचना शुरू कर दिया है। देश की इकलौती लोकल कंपनी मरी ब्रूअरी ने अप्रैल 2026 में ब्रिटेन, जापान, पुर्तगाल और थाईलैंड जैसे देशों को बीयर और अन्य अल्कोहलिक ड्रिंक्स एक्सपोर्ट की हैं। कंपनी के एक्सपोर्ट मैनेजर रमीज शाह के मुताबिक, अभी शुरूआत में विदेशों में नेटवर्क बनाया जा रहा है और आगे चलकर प्रोडक्शन बढ़ाने की योजना है। पाकिस्तान में मुस्लिम आबादी के लिए करीब 50 साल पहले इस्लामिक नियमों का हवाला देकर शराब पर बैन लगाया गया था।



## साउथ एक्टर जीवा के पिता की सड़क हादसे में मौत

**रायपुर मारवाड़ (ब्यावर)।** ब्यावर जिले में सड़क हादसे में साउथ फिल्मों के प्रोड्यूसर और एक्टर जीवा के पिता रतनलाल भगतराम चौधरी (76) की मौत हो गई। हाईवे पर गाय को बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने सेफ्टी डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना गंभीर था कि आर.बी. चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर एनएचएआई की एंबुलेंस से रायपुर के उप जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल ड्राइवर को जोधपुर रेफर किया गया है। हादसा मंगलवार दोपहर 3:30 बजे ब्यावर-पिंडवाड़ा फोरलेन पर झूठा गांव चौराहे के पास हुआ। आरबी चौधरी पाली जिले के सोजत रोड के रिसानिया गांव के रहने वाले थे।

# उज्जैन में बालगृह के बाथरूम की ग्रिल तोड़कर 3 बच्चे भागे

## सुरक्षा पर सवाल : जनवरी में फरार हुए दो बच्चों का भी अब तक सुराग नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नागझिरी क्षेत्र स्थित लालपुर बालगृह से तीन नाबालिग बच्चों के फरार होने का मामला सामने आया है। बच्चों ने बाथरूम की ग्रिल तोड़कर भागने की वारदात को अंजाम दिया, जिससे बालगृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

बुधवार शाम करीब 7 बजे जब बालगृह में बच्चों की गिनती की गई, तो तीन बच्चे कम पाए गए। इसके बाद स्टाफ में हड़कंप मच गया। तुरंत पूरे इलाके में बच्चों की तलाश शुरू की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। जांच में सामने आया कि बच्चे बाथरूम की ग्रिल तोड़कर फरार हुए हैं।

भागने वाले बच्चों में दो उज्जैन के और एक शाजापुर का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक शाजापुर का बच्चा एक हफ्ते पहले ही बालगृह में लाया गया था, जबकि उज्जैन के दोनों बच्चे करीब 6 महीने से यहां रह रहे थे।




घटना की सूचना नागझिरी थाने को दी गई। पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और शहर के अन्य संभावित स्थानों पर सर्चिंग अभियान चलाया, लेकिन देर रात तक तीनों बच्चों का पता नहीं चल पाया।

### पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

यह पहली बार नहीं है जब इस बालगृह से बच्चे फरार हुए हैं। इससे पहले 20 जनवरी 2026 को भी दो नाबालिग बच्चे बाथरूम की ग्रिल और वेंटिलेशन तोड़कर भाग गए थे। वे सुबह करीब 5 बजे फरार हुए थे और अब तक उनका भी पता नहीं लग पाया है। इसके अलावा नवंबर 2023 में भी इसी बालगृह से तीन नाबालिग बच्चे कमरे की ग्रिल तोड़कर भाग गए थे। इनमें एक बच्चा मुंबई और दो राजस्थान के बताए गए थे। वे भी अब तक लापता हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने बालगृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से एनएच डूबा

## घरों में पानी, यूपी के गाजियाबाद में ओले गिरे, मध्यप्रदेश-बिहार में बारिश



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को भारी बारिश हुई। इससे कांकेर के चारामा में नेशनल हाईवे-30 पर घुटनों तक पानी भर गया। मनेंद्रगढ़ के जनकपुर में बारिश का पानी लोगों के घर में घुस गया। पेंड्रा में आंधी से कई पेड़ टूटकर गिर गए।

यूपी के गाजियाबाद में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। बारिश के कारण पूरे यूपी में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। राजस्थान में बाड़मेर और फलोदी को छोड़कर बाकी सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा।

इधर, बिहार और मध्य प्रदेश में भी बारिश का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे में 89.7 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई, जो सामान्य से 182% अधिक है। राज्य में 7 मई तक आंधी-बारिश जारी रहेगी। एमपी के 28 जिलों में बुधवार को तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट है।

**उत्तर भारत में फिर से गर्मी शुरू होने की संभावना-** भारतीय मौसम के लिहाज से आने वाले दिन काफी उथल-पुथल भरे साबित हो सकते हैं। एक तरफ जहां अरब सागर में मानसून-पूर्व चक्रवाती तूफान के संकेत मिल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ राहत दे रही बारिश और तेज हवाओं के थमने के बाद उत्तर भारत में गर्मी का नया दौर शुरू होने जा रहा है। वर्तमान में देश के अधिकांश हिस्सों में आंधी और बारिश का दौर जारी है, लेकिन यह स्थिति 10 मई के बाद पूरी तरह बदलने वाली है।

## पंजाब में फिर धमाका

ब्रह्मास्त्र ›› जालंधर

जालंधर के बाद अब अमृतसर में खासा कैंप के पास स्थित आर्मी कैंप के बाहर मंगलवार देर रात जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के अनुसार, धमाका रात करीब 11 बजे के बाद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आर्मी की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं और पूरे इलाके को घेरकर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। साथ ही फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड को भी जांच के लिए बुलाया गया है।

## तमिलनाडु में विजय को सरकार बनाने के लिए 10 विधायकों की जरूरत, कांग्रेस देगी समर्थन

ब्रह्मास्त्र ›› गुवाहाटी

तमिलनाडु में कांग्रेस ने टीवीके चीफ विजय को समर्थन देने का फैसला कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार देर रात तमिलनाडु कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की इमरजेंसी बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से विजय के समर्थन का फैसला लिया गया। बैठक ऑनलाइन आयोजित की गई थी, जिसमें दिल्ली से कई सीनियर नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस ने कहा है कि तमिलनाडु का जनादेश एक सेक्युलर सरकार के पक्ष में है और पार्टी किसी भी स्थिति में बीजेपी या उसकी सहयोगी पार्टियों को सत्ता में नहीं आने देना चाहती। इससे पहले विजय ने सरकार गठन के लिए कांग्रेस से समर्थन मांगा था। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके ने 108 सीटें जीती हैं और बहुमत के लिए उसे 10 और विधायकों की जरूरत है।

### बंगाल में भाजपा को टीएमसी से 32 लाख ज्यादा वोट

# एसआईआर से हर सीट पर 30 हजार वोटर हटे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में भाजपा को कुल 2 करोड़ 92 लाख 24 हजार 804 वोट मिले हैं। तृणमूल कांग्रेस को 2 लाख 60 हजार 13 हजार 377 वोट मिले यानी कुल वोट का अंतर 32 लाख 11 हजार 427 रहा। 293 सीटों के हिसाब से भाजपा को हर सीट पर औसत 10,960 वोट ज्यादा मिले।

राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन से कुल 91 लाख वोट कटे। यानी हर सीट पर औसतन 30 हजार वोटरों के नाम काटे गए। कुल 293 सीटों में से 176 पर जीत का अंतर 30 हजार से कम और 117 सीटों पर 30 हजार से अधिक रहा। ऐसे में टीएमसी अब चुनाव नतीजों को कोर्ट में चुनौती दे सकती है। एसआईआर को लेकर ममता सरकार की याचिका पर हाल में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर हटाए गए वोटों की संख्या जीत के अंतर से कम है, तो कोर्ट दखल नहीं देगा। क्योंकि उन वोटों के होने या न होने से रिजल्ट पर असर नहीं पड़ता। कोर्ट ने कहा कि दखल तब देंगे जब यह दिखाया जा सके कि हटाए गए वोट इतने अधिक थे कि वे जीत-हार के अंतर को बदल सकते थे। जैसे मान लीजिए जीतने वाले को 1 लाख वोट मिले और निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 95 हजार वोट। जीत-हार का मार्जिन 5 हजार वोट हुआ। अगर एसआईआर में हटाए गए वोट 5 हजार से कम हैं तो रिजल्ट पर असर नहीं होगा। लेकिन ज्यादा हैं तो नतीजों पर असर की संभवना है।



बंगाल में 30 हजार से कम मार्जिन पर जीत वाली 176 सीटों में भाजपा की 128 सीटें हैं। वहीं 30 हजार से ज्यादा मार्जिन पर जीत वाली 117 सीटों में भाजपा की 79 सीटें हैं। तृणमूल की 44 सीटों पर जीत का मार्जिन 30 हजार से कम और 36 सीटों पर 30 हजार से अधिक रहा है।

## एस-400 के 5 नए स्क्वॉड्रन खरीदने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत सरकार एस-400 मिसाइलों के 5 नए स्क्वॉड्रन खरीदने की तैयारी कर रही है। इसके एक स्क्वॉड्रन में 8 लॉन्चर होते हैं और हर एक लॉन्चर में 4 मिसाइल कंटेनर होते हैं। इस हिसाब से करीब 32 बड़ी मिसाइलें मिलेंगी।

पिछले साल 7 से 10 मई के बीच चले ऑपरेशन सिंदूर में हमारे एयर डिफेंस सिस्टम की एस-400 मिसाइलों ने पाकिस्तान में 300 किलोमीटर अंदर घुसकर कहर बरपाया था, अब हमारे रक्षा बेड़े में उनकी तादाद बढ़ने जा रही है। खरीदी की दिशा में रूस के साथ चर्चा में सकारात्मक प्रगति हुई है। वायु सेना के लिए 5 एस-400 का पहला सौदा 2018 में हुआ था। 3 सिस्टम्स मिल चुके हैं। रूस ने आश्वस्त किया है कि शेष दो सिस्टम और ऑपरेशन सिंदूर में खर्च हुई बैटरी की मिसाइलें भी अगले 6 माह में दे देंगे। रूस के मुताबिक इसके बाद नए स्क्वॉड्रन आएंगे। इस तरह दोनों सौदे करीब एक लाख करोड़ रुपए के होंगे। डीआरडीओ एस-400 जैसी ही इंटरसेप्टर मिसाइलें बना रहा है।



## खबर एक नजर...

### बाइक सवार को चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** हरिफाटक ब्रिज से गदापुलिया की ओर आ रहे बाइक सवार पवन पिता गोविंद कुमावत निवासी खेड़ा खजूरिया को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। घायल होने पर कुछ लोगों ने पुलिस कंट्रोलरूम को सूचना दी। पाइंट मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस की डायल 112 घटनास्थल पहुंची और घायल को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। बाइक सवार घायल शराब के नशे में था। उसे हाथ और पैर में गंभीर चोंट लगी थी। डॉक्टरों ने उपचार के लिये ऑपरेशन थियेटर भेजा। घायल के पास मिले मोबइल के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। घायल नागझिरी स्थित सिलाई फैक्ट्री में काम करता है और अपने घर लौट रहा था। अस्पताल स्टॉफ की ओर से महाकाल थाना पुलिस को सूचना दी गई है।

### उज्जैन के एमआर की सुसनेर सड़क दुर्घटना में मौत

**उज्जैन।** आगररोड स्थित इंदिरानगर में रहने वाला अखिलेश पिता चिंतामण तिवारी 40 साल एमआर था। सोमवार को एमआर दोस्त अशीष पिता सुरेन्द्र जोशी निवासी इंदौर के साथ कार से आगर-मालवा गया था। वापस लौटते समय सुसनेर में ट्राले से भिड़ंत हो गई। कार चला रहे अखिलेश की मौके पर मौत हो गई। दोस्त गंभीर घायल हुआ है। दुर्घटना की खबर मिलने पर दोनों के परिजन सुसनेर पहुंच गये थे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और ट्राला चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया।

### जीजा से विवाद करता देख साले ने मारा चाकू

**उज्जैन।** हीरामिल की चाल में मंगलवार सुबह 2 भाईयों के बीच विवाद हो रहा था। एक भाई के साले ने देखा तो उसने चाकू से जीजा के भाई पर वार कर दिया। देवासगेट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। देवासगेट थाना प्रधान आरक्षक सुमित सोनाने ने बताया कि चरक अस्पताल से सूचना मिली थी कि चाकू लगने से घायल हीरामिल की चाल में रहने वाले कुंदन पिता मानसिंह अकोदिया को भर्ती किया गया है। सूचना पर घायल के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि कुंदन का विवाद अपने बड़े भाई सोनू से हो गया था। विवाद देख भाई सोनू का साला देवेन्द्र टाटावत आया और चाकू से वार कर दिया। घायल कुंदन को सात टांके आये है। मामले में धारा 115 (2), 351 (2) का प्रकरण दर्ज कर चाकू मारने वाले की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि घटनाक्रम के बाद मामला एक ही परिवार से जुड़ा होने पर परिजनों ने दबाने का प्रयास किया, लेकिन घायल को चोंट ज्यादा होने पर परिवार की पुलिस के सामने नहीं चली।

### राजनेता, अभिनेता ने किए महाकाल दर्शन

**उज्जैन।** बिहार के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव मंगलवार को अपने परिवार के साथ उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिर समिति द्वारा उनका सम्मान भी किया गया। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में पप्पू यादव ने देश में मानवता और लोकतंत्र की मजबूती की कामना की। यादव ने कहा कि उनकी प्रार्थना है कि देश में द्वेष की राजनीति समाप्त हो तथा संविधान और इंसानियत की रक्षा हो। उन्होंने पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों को लेकर भी सवाल उठाए। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव निष्पक्ष नहीं रहा और 'साम, दाम, दंड, भेद' जैसी नीतियों तथा एजेंसियों के दुरुपयोग से परिणाम प्रभावित किए गए। उन्होंने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि कई सीटों पर जबरन जीत दिलाई गई, जिससे लोकतंत्र की भावना आहत हुई है। इसी क्रम में, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता गोविंद नामदेव ने भी अपने परिवार के साथ बाबा महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां आकर अद्भुत ऊर्जा का अनुभव होता है। हालांकि, नामदेव ने यह भी कहा कि सुरक्षा कारणों से गर्भगृह में प्रवेश न मिल पाने के कारण भक्तों को थोड़ी दूरी महसूस होती है।

# अचानक गेहूं उपार्जन केंद्र पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव

## उज्जैन में किसानों से पूछा- परेशानी तो नहीं, वेयर हाउस की क्षमता बढ़ाने के दिए निर्देश





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को अचानक नागझिरी स्थित अडानी एग्रो साइलो उपार्जन केंद्र पहुंच गए। सीएम सुविधाएं देख खुश भी हुए और उन्होंने किसानों से बातचीत कर उपार्जन केंद्र में मिल रही सुविधा पर अधिकारियों को अन्य उपार्जन केंद्रों पर इसी तरह की सुविधा देने के दिशा-निर्देश भी दिए हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उपार्जन केंद्र की व्यवस्था देखने मैं स्वयं भी खरगोन के महेश्वर विधानसभा के पास के गांव में अंदर गया था। फिर शाजापुर जिले के अंतर्गत एक विधानसभा के अंदर वहां भी गेहूं उपार्जन देखा।

आज उज्जैन के अंदर गेहूं उपार्जन देखा। अब स्लॉट बुकिंग भी करीब-करीब सबकी हो चुकी है। आज तक 40 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं का उपार्जन या खरीदी हो चुकी है। चना, मसूर की भी समानांतर रूप से सबका खरीदी लगातार चल रही है। हमने कहा कि जिनको बुकिंग कराना हो वह कराएं और इसी आधार पर आज हमने गोडाउन की क्षमता बढ़ाने के निर्देश भी जारी कर दिए।

कुछ दिन पहले ही सीएम मोहन यादव ने कहा था कि 'मैं कहीं भी हेलीकॉप्टर उतार सकता हूं और गेहूं उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर सकता हूं। मंगलवार को उज्जैन की सेवा सहकारी संस्था दताना के नागझिरी स्थित अडानी एग्रो साइलो उपार्जन केंद्र पहुंचे और केंद्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने वेयरहाउस की क्षमता बढ़ाने का भी फैसला किया। वेयरहाउस की क्षमता बढ़ने से गेहूं को बेमौसम बारिश से बचाया जा सकेगा। इससे पहले सीएम डॉ. यादव शाजापुर और खरगोन में भी गेहूं उपार्जन का आकस्मिक दौरा कर चुके हैं।

# उज्जैन में स्वच्छता रैंकिंग सुधारने सड़कों पर उतरे निगम आयुक्त

## औचक निरीक्षण में मिली खामियां, एजेंसी पर 1 लाख जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में स्वच्छता रैंकिंग सुधारने के लिए निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा अब सड़कों पर उतरकर काम कर रहे हैं। मंगलवार को उनके औचक निरीक्षण में कई खामियां सामने आईं, जिसके बाद स्वच्छता जागरूकता की जिम्मेदारी संभाल रही एजेंसी 'सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट' पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। आयुक्त मिश्रा ने मंगलवार को देवास गेट स्थित पानी की टंकी और पीएचई कंट्रोल रूम का अचानक निरीक्षण किया। यहां पेयजल का स्तर संतोषजनक पाया गया।

हालांकि, असली तस्वीर तब सामने आई जब वे वार्ड 23 और 24 की गलियों में पहुंचे। यहां कई स्थानों पर कचरे के ढेर, संकरी गलियों में सफाई की कमी और लोगों में जागरूकता का अभाव स्पष्ट दिखा। कचरे को अलग-अलग करने और उसे केवल कलेक्शन वाहन में डालने जैसी बुनियादी बातों की अनदेखी भी कई जगहों पर पाई गई।

इन गंभीर खामियों को देखते हुए आयुक्त ने 'सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट' एजेंसी पर 1 लाख रुपये का जुमार्ना लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद वार्ड दरोगा, सफाई मित्रों और एनजीओ के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और उन्हें घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग कर केवल कलेक्शन वाहन में ही डालने के लिए लोगों को जागरूक करने को कहा। आयुक्त ने कचरा संग्रहण वाहन का भी निरीक्षण किया और महिला हेल्पर्स व कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने उन्हें घर-घर जाकर लोगों को कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कचरे के ढेर मिलने और लोगों में जागरूकता की कमी सामने आने पर उन्होंने एजेंसी की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने घरों में पेयजल आपूर्ति की भी जांच की और पीएचई अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को साफ पानी मिले, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

### 150 गाड़ियों के साथ चक्काजाम में शामिल होंगे कांग्रेसी

# किसानों के मुद्दों को लेकर 7 मई को प्रदर्शन, जीतू पटवारी भी होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्यप्रदेश में किसान उपार्जन केंद्रों की अव्यवस्था, टोकन सिस्टम में कथित तानाशाही, तुलाई में गड़बड़ी और भुगतान में देरी के विरोध में कांग्रेस ने 7 मई को चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में शहर कांग्रेस कमेटी की वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित कर रणनीति तय की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 मई को शाजापुर में होने वाले चक्का जाम में उज्जैन से करीब 150 वाहनों का काफिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में रवाना होगा, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने बताया कि वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ शाजापुर में आयोजित चक्का जाम में शामिल होंगे। वहीं, मुकेश भाटी ने कहा कि यह मुद्दा अब सिर्फ असुविधा का नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान, आजीविका और भरोसे से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ रहा है और स्लॉट बुकिंग व टोकन सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है।

# कंसल्टेंट की संविदा भर्ती : 11 आवेदन आए, 3 पदों पर होगी नियुक्ति

## निगम में कंसल्टेंट के लिए पीयूष भार्गव का आवेदन, लेकिन संविदा नियमों पर खरे नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम में सिंहस्थ 2028 से जुड़े कामों के लिए कंसल्टेंट की संविदा भर्ती प्रक्रिया शुरू होते ही सवालों में आ गई है। निगम ने 31 मार्च तक आवेदन मांगे थे, जिसमें कुल 11 आवेदन आए हैं।

इन आवेदनों की सूची सीलबंद रखी है, लेकिन जिन नामों की चर्चा सामने आ रही है, उनमें पूर्व कार्यपालन यंत्री पीयूष भार्गव का नाम शामिल है। भार्गव पर पूर्व में कई एफआईआर के अलावा निगम की महिला अधिकारी द्वारा उत्पीड़न और अभद्रता के आरोप लगाए जा चुके हैं। बावजूद उनका आवेदन आना और चयन की संभावना बनना चर्चा का विषय है।

अन्य आवेदकों में आरके शुक्ला, अनिल जैन, विमल सोनी और ज्ञानेंद्रसिंह जादौन के नाम भी शामिल हैं, जो पहले उज्जैन नगर निगम या अन्य नगर




पालिकाओं में कार्यपालन यंत्री रह चुके हैं। इन 11 आवेदनों में से सिर्फ 3 पदों पर ही चयन किया जाएगा, जिससे प्रतिस्पर्धा भी सीमित दायरे में सिमट गई है। इन कंसल्टेंट्स को सिंहस्थ से जुड़े अहम कार्यों की जिम्मेदारी दी जाएगी। इनमें नगर निगम को योजनाओं, निर्माण कार्य, सर्वे, भीड़ प्रबंधन और सिंहस्थ 2028 के प्रोजेक्ट्स पर सलाह देना शामिल है। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाना, काम की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और समय-समय पर रिपोर्ट तैयार करना भी उनकी जिम्मेदारी होगी।

### सरकार के तय नियम : रिकॉर्ड और चरित्र अच्छा होना जरूरी

- सरकार ने संविदा नियुक्तियों के लिए साफ नियम भी बनाए हैं, जिनके अनुसार केवल उन्हीं सेवानिवृत्त अधिकारियों को रखा जा सकता है, जिनका रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा हो, जिनकी ईमानदारी और चरित्र पर कोई सवाल न हो और जिन पर कोई जांच या कार्रवाई लंबित न हो। साथ ही पिछले 10 साल में किसी तरह की सजा न मिली हो और स्वास्थ्य भी अच्छा होना चाहिए।
- नगर निगम के तय नियम- 25 साल का अनुभव जरूरी, उम्र सीमा 70 साल कंसल्टेंट पद के लिए तय किए नियमों के अनुसार उम्मीदवार के पास सिविल इंजीनियरिंग में बीई या बीटेक की डिग्री होना जरूरी है, जबकि पोस्ट ग्रेजुएट उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही कम से कम 25 साल का अनुभव प्लानिंग, डेवलपमेंट, कंस्ट्रक्शन, सर्वे या क्राउड मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में होना चाहिए। अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष तय की गई है और नियुक्ति शुरूआत में एक साल के लिए होगी, जिसे काम के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।
- कमेटी में अपर आयुक्त सिंह होंगे अध्यक्ष, जल्द शुरू होंगे इंटरव्यू भर्ती प्रक्रिया के लिए नगर निगम ने एक इंटरव्यू कमेटी भी गठित की है। समिति के अध्यक्ष अपर आयुक्त (सिंहस्थ) पवनकुमार सिंह होंगे । इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य उमेश पेंढारकर, लोनिवि के मुख्य अभियंता राजेश बागोले और नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक राजीव निगम को सदस्य बनाया है। अभी इंटरव्यू की तारीख तय नहीं है। पहले आवेदकों को 7 दिन का समय दिया जाएगा। उसके बाद इंटरव्यू की तारीख घोषित की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को 1.25 लाख रुपए प्रति माह मानदेय देंगे।

### कोर्ट ने चार सप्ताह में जवाब मांगा, निगम का कहना- नोटिस नहीं मिले

पीयूष भार्गव पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच रिपोर्ट पर अदालत ने रोक लगाकर अगली सुनवाई तक रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने पाया कि जांच प्रक्रिया में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का पूर्ण पालन नहीं हुआ। दोनों पक्षों को सुनवाई, गवाहों के बयान और जिरह का पर्याप्त अवसर नहीं मिला। अदालत ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। नगर निगम के अनुसार फिलहाल नोटिस प्राप्त नहीं हुए है।

उज्जैन
बुधवार
06
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा, शास्त्रं तस्य करोति किं।
लोचनाभ्याम विहीनस्य, दर्पण: किं करिष्यिति।।

अर्थ: जिस व्यक्ति के पास अपनी (प्रज्ञा) अंतरात्मा नहीं है, उसके शास्त्रों का क्या फायदा, जैसे कि दर्पण अंधे व्यक्ति के लिए बेकार है।

## खबर एक नजर...

### देवास नाका पर तड़के 3 दुकानें जलकर खाक

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के देवास नाका इलाके में भीषण आग लगने से तीन दुकानें जलकर खाक हो गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक घटना की सूचना सुबह करीब 3.45 बजे मिली। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि एक टायर की दुकान और गैराज में आग तेजी से फैल चुकी थी, जिसने पास की अन्य दुकानों को भी चपेट में ले लिया। दमकल कर्मियों ने करीब 20 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि दुकानों के शटर तोड़कर अंदर पहुंचना पड़ा, क्योंकि घटना के समय दुकान मालिक मौके पर मौजूद नहीं थे। फायर अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। दुकानों के पास से बिजली की लाइन गुजर रही थी, जिससे आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में मोहम्मद अकबर, नरेंद्र और जितेंद्र गजराज की दुकानों को भारी नुकसान हुआ है। तीनों दुकानें एक-दूसरे के पास स्थित थीं, जिससे आग तेजी से फैल गई और सब कुछ जलकर खाक हो गया। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### वाहन जांचे बिना जारी कर दिए मप्र, यूपी के सर्टिफिकेट

**इंदौर।** शहर में चल रहे निजी ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) में मनमर्जी, लापरवाही व गड़बड़ी कम होने का नाम नहीं ले रही है। स्थिति यह है कि जांच के लिए बस-ट्रक सहित अन्य कमर्शियल वाहन फिटनेस सेंटर्स पर पहुंचे ही नहीं, फिर भी मप्र, यूपी व तमिलनाडु तक के वाहनों को फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया। इस पर आरटीओ ने परिवहन मुख्यालय को इसकी रिपोर्ट भेजी है और कहा है कि ऐसे अनफिट वाहन जनसुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक हैं। किसी भी दिन इनसे बड़ा हादसा हो सकता है। दरअसल, शिकायत के बाद परिवहन विभाग के अधिकारियों ने खुद मौके पर जाकर ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की जांच की तो पता चला कि अनफिट वाहनों को भी फिटनेस सर्टिफिकेट दिए जा रहे हैं। परिवहन अधिकारियों ने अलग-अलग सेंटर्स पर जांच की। इसमें सबसे ज्यादा गड़बड़ी ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन अप्पू नोवेल सर्विसेज में पाई। इसके बाद उन्होंने मुख्यालय में रिपोर्ट भेजी है। इस मामले में फिटनेस सेंटर के संचालक से बात करना चाही, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। हालांकि मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने कहा कि नियमानुसार ही फिटनेस किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले चेकिंग के दौरान वेदांता एटीएस पर भी गड़बड़ी का मामला सामने आया था।

### करण गृह निर्माण संस्था 3.37 करोड़ की जमीन 50 लाख में बेची, सात पर केस

**इंदौर।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने करण गृह निर्माण सहकारी संस्था में 2.87 करोड़ रुपए के गबन के मामले में संस्था अध्यक्ष विजय राठी समेत सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि संस्था की जमीन की कीमत कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार 3.37 करोड़ रुपए थी, जिसे सस्ते सौदे के नाम पर मात्र 50 लाख रुपए में बेच दिया गया। ईओडब्ल्यू एसपी रामेश्वर सिंह यादव के मुताबिक, घोटाला संगठित तरीके से अंजाम दिया गया। जमीन बिक्री से मिली राशि को संस्था के हित में उपयोग करने के बजाय आरोपियों ने परिजनों से जुड़ी कंपनियों के खातों में ट्रांसफर कर दिया। ईओडब्ल्यू ने संस्था, संबंधित कंपनियों और उनके डायरेक्टर्स सहित सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें अध्यक्ष विजय पिता जमनादास राठी के अलावा तेजकरण इन्फ्रास्ट्रक्चर, रामकुंवर बिल्डर्स, नम्रता पति विजय राठी, अभय पिता पुष्करलाल पुराणिक, ज्योति पति अभय पुराणिक शामिल हैं।

---

### बड़ौद से उठाकर लाए, 5 लाख लेकर छोड़ा, फिर दूसरे को फंसाया

# पुलिस ने 5-स्टार होटल में तस्करों को बनाया बंधक

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के विजय नगर थाने के चार पुलिसवालों ने वर्दी को वसूली का हथियार बना लिया। आगर मालवा के बड़ौद से एक ड्रग तस्कर को उठाकर लाए, उसे थाने ले जाने के बजाय शहर के एक आलीशान 5-स्टार होटल में दो दिन तक बंधक बनाकर रखा और 5 लाख रुपए की वसूली की। हद तो तब हो गई, जब उसी तस्कर का इस्तेमाल कर दूसरे अपराधी को फंसाया और उससे भी मोटी रकम ऐंठी।

यह घटनाक्रम नवंबर 2024 का है। इसकी शिकायत एसीपी तक पहुंच गई है, जिसके बाद पूरे मामले की परतें खुलती चली गईं। जांच में चारों पुलिसवालों और तस्करों की टॉवर लोकेशन भी उसी 5-स्टार होटल की निकली। कॉल डिटेल रिपोर्ट से भी इसकी पुष्टि हुई है।

आरोपियों ने भी अपने बयान में पुलिसवालों की करतूत उजागर की, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि अब तक किसी भी पुलिसवाले पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हाल ही में (मई 2026) में डीसीपी ने इससे जुड़ी कुछ और जानकारियां एसीपी से मांगी है।



**टीआई ने पूछा तो कहा- हाथ नहीं लगा-** विजय नगर टीआई सीपी पटेल ने एक सूचना मिलने के बाद सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) भूपेंद्र सिंह गुर्जर, हेड कॉन्स्टेबल मुकेश सिंह जादौन, कॉन्स्टेबल कपिल सोनानिया और कॉन्स्टेबल राधेश्याम राठौर उर्फ राधे को तस्कर वसीम पिता राजू खान को पकड़ने के लिए बड़ौद भेजा।

ये पुलिसकर्मी थाने के रोजनामचा में एंट्री करने के बाद रवाना हो गए। वहां जाकर वसीम को 22 नवंबर 2024 को उठाकर इंदौर ले लाए, लेकिन उसे थाने नहीं ले गए, बल्कि विजय नगर के ही एक 5 स्टार होटल ले गए। वहां दो दिन तक उसे बंधक बनाकर रखा और पैसे लेने के बाद छोड़ दिया।

इधर पुलिसकर्मियों के बड़ौद से लौटने पर जब टीआई पटेल ने तस्कर के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उसका मोबाइल बंद था। वह हाथ नहीं लगा। ऐसे में हमें खाली हाथ ही लौटना पड़ा।

#### दो पुलिसकर्मी वर्दी तो दो सादी वर्दी में रहते थे

बड़ौद से पकड़कर लाए तस्कर वसीम ने जांच के दौरान तत्कालीन अउढ आदित्य पटले को बताया कि 4 पुलिसकर्मी मुझे इंदौर लेकर आए थे। उन्होंने एक होटल में दो दिन तक रखा। दो पुलिसकर्मी वर्दी में तो दो सादी वर्दी में रहते थे। होटल में पुलिसकर्मियों ने मेरे साथ शुरुआत में मारपीट की। ठंड होने के कारण में सिर पर टोपा पहने हुए था तो ये पुलिसकर्मी टोपी से मेरा पूरा सिर ढंक कर मुझसे पूछताछ करते और मुझे मारते थे। वसीम ने बताया- जब मैंने आरिफ को पकड़वा दिया तो मुझे छोड़ दिया गया। आरिफ को पकड़वाने के बाद मुझे बलेनो कार में बैठाया गया। उसमें मेरे चाचा भी मौजूद थे। हम दोनों को विजय नगर थाने से आधा किमी दूर ले जाकर छोड़ दिया गया। मुझे छोड़ने के लिए बलेनो चलाने वाले पुलिसकर्मी ने मेरे चाचा से 5 लाख रुपए लिए थे।

#### वसीम के बाद फिर आरिफ को लूटा

वसीम को छोड़ने के बाद पुलिसकर्मियों का लालच यहीं नहीं रुका। उन्होंने वसीम के जरिए ही एक अन्य तस्कर आरिफ भूरा को जाल बिछाकर पकड़ा। आरिफ को पकड़ने के लिए वसीम से फोन कराकर उसे एमजी रोड पर मिलने बुलाया गया। जैसे ही आरिफ वहां पहुंचा सादी वर्दी में खड़े पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। आरिफ को उसी 5 स्टार होटल में ले गए। उससे भी मोटी रकम वसूली और उसे भी बिना कार्रवाई के छोड़ दिया।

#### पत्नी और बेटी की बीमारी का बहाना बनाकर बुलाया

वसीम ने बताया- मैंने आरिफ उर्फ भूरू को मोबाइल लगाया। कहा- मेरी वाइफ की तबीयत खराब है। मेरी बच्ची की धड़कनें कम आ रही हैं। तू कोई अच्छा अस्पताल बता, तब आरिफ ने मुझसे कहा कि तू इंदौर आ जा और मुझे मोबाइल लगा। मैं ले चलूंगा। मैं और पुलिस वाले ऑटो रिक्शा में जिला कोर्ट के पास पहुंचे। वहां मैंने आरिफ को बुलाया। आरिफ अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर आया था। वहीं पर पुलिस वाले ने उसे पकड़ लिया। फिर हम दोनों को उसी ऑटो में बैठाकर होटल ले गए। एक घंटे बाद मुझसे कहा- तेरे परिवार वाले आ रहे हैं। तुझे छोड़ देंगे।

---


# सर्वे में मिले ऐतिहासिक तांबे के सिक्के और शिलालेख

### एएसआई ने पेश की 98 दिन की खुदाई और अध्ययन की 2189 पेज की रिपोर्ट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

धार स्थित भोजशाला मामले में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका पर मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (अरक) की ओर से सीनियर एडवोकेट सुनील जैन ने विस्तृत सर्वे रिपोर्ट पेश की। एएसआई ने कोर्ट को बताया कि इस बार भोजशाला का सर्वे पहले की तुलना में अधिक व्यापक, वैज्ञानिक और तकनीकी तरीके से किया गया है। सर्वे 22 अप्रैल 2024 से लगातार 98 दिनों तक चला, जिसमें संरक्षित स्मारक के सभी हिस्सों का अध्ययन किया गया।

एएसआई ने बताया कि पहले केवल तीन अधिकारियों द्वारा सीमित स्तर पर सर्वे किया गया था, जबकि इस बार सात विशेषज्ञ अधिकारियों, पुरातत्वविदों और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने दोनों पक्षों की मौजूदगी में



प्रतिदिन सुबह से शाम तक काम किया। पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई, ताकि हर गतिविधि का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सके।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भोजशाला परिसर का निर्माण 14वीं शताब्दी से भी पहले का है। वहीं, परिसर के पश्चिमी हिस्से में बनी मेहराब बाद में अलग से निर्मित प्रतीत होती है। एएसआई ने यह भी बताया कि वर्ष 1902 की रिपोर्ट में भोजशाला को मंदिर के रूप में वर्णित किया गया था, जबकि 2024 में हाई कोर्ट के निर्देश पर दोबारा सर्वे कराया गया।

एएसआई की 10 वॉल्यूम में तैयार रिपोर्ट कुल 2189 पृष्ठों की है। इसमें सर्वे के दौरान मिले कई महत्वपूर्ण पुरातात्विक साक्ष्यों का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक परिसर और आसपास की खुदाई में तांबे के सिक्के, शेर मुख, कीर्ति मुख, ह्वॐ नमः शिवायह्व से जुड़े चिह्न और शिलालेख मिले हैं। साथ ही परिसर में मौजूद 106 स्तंभों पर देवी-देवताओं की मुखाकृतियां और प्राकृत व संस्कृत भाषा में कथाओं का वर्णन उकेरा गया है। नक्काशी की शैली के आधार पर इसके ऐतिहासिक कालखंड का भी उल्लेख किया गया है।

मामले की सुनवाई जस्टिस विजयकुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच कर रही है। अगली सुनवाई 6 मई को होगी, जिसमें सलेक चंद जैन की ओर से एडवोकेट दिनेश राजभर और महाधिवक्ता प्रशांत सिंह अपनी दलीलें पेश करेंगे।

---

# सोनम के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मेघालय सरकार

### राज्य का तर्क- ईस्ट खासी हिल्स सेशंस कोर्ट का बेल ऑर्डर रद्द करना चाहिए, सोनम को दिया नोटिस

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

पति राजा रघुवंशी की हत्या के मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत पर गंभीर चिंता जताते हुए, मेघालय सरकार ने मेघालय हाई कोर्ट में अर्जी देकर उन्हें पहले से मिली जमानत रद्द करने की मांग की है। अपनी दलील में राज्य ने तर्क दिया कि ईस्ट खासी हिल्स में सेशंस कोर्ट का जारी किया गया बेल ऑर्डर रद्द कर देना चाहिए, क्योंकि यह फैसला अपराध की गंभीरता और न्याय पर इसके संभावित असर पर ठीक से विचार करने में नाकाम रहा। राज्य सरकार ने कहा कि आरोप गंभीर हैं और इसकी सख्त न्यायिक जांच की जरूरत है। 27 अप्रैल को, शिलांग के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (ज्यूडिशियल) ने गिरफ्तारी प्रक्रिया में खामियों को देखते हुए लगभग एक साल बाद सोनम रघुवंशी को जमानत दे दी। कोर्ट ने पाया कि उन्हें दिए गए गिरफ्तारी के आधार की जानकारी डॉक्यूमेंट में चेकबॉक्स पर निशान नहीं थे और भारतीय न्याय सेवा के तहत एक इनकॉरपोरेट पीनल प्रोविजन का भी ज़िक्र किया गया था। कोर्ट ने पाया कि उन्हें दिए गए गिरफ्तारी के आधार की जानकारी डॉक्यूमेंट में चेकबॉक्स अनटिक थे और भारतीय न्याय संहिता के तहत एक गलत सजा का नियम भी बताया गया था।

---


### इंदौर में मधुमिलन चौराहे से छावनी तक प्रस्तावित रोड के चौड़ीकरण का काम होना है

# महापौर बोले- 3 दिन में खुद हटा लें अतिक्रमण, जनप्रतिनिधि उतरे सड़क पर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में मधुमिलन चौराहे से छावनी तक प्रस्तावित रोड के चौड़ीकरण का काम होना है। इसे लेकर मंगलवार को जनप्रतिनिधि सड़क पर उतरे और यहां का दौरा किया। यहां लोगों को 3 दिन में कब्जे हटाने का अल्टीमेटम भी दिया। समय पूरा होने पर नगर निगम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा।

बता दे कि ये रोड शहर के लिए काफी महत्वपूर्ण है और इसे बनाना निगम की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इस रोड



से रोजाना बड़ी संख्या में लोग गुजरते है। रोड की चौड़ाई कम होने के कारण यहां आवाजाही में दिक्कत होती है। मंगलवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, निगम के अधिकारी सहित अन्य ने रोड का दौरा किया।

**समय सीमा के बाद निगम करेगा कार्रवाई-** इस दौरान महापौर भार्गव ने क्षेत्र के रहवासियों से बातचीत की और रोड बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे अगले दो से तीन दिनों के अंदर अपने-अपने अतिक्रमण खुद हटा लें, उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर नगर निगम कार्रवाई कर उन्हें हटाएगा।

**पहले चरण में 60 फीट चौड़ा होगा रोड-** महापौर ने बताया कि मास्टर प्लान के तहत इस रोड को पहले चरण में 60 फीट चौड़ा किया जाएगा। इसके बाद ट्रैफिक की स्थिति के अनुसार आगे की योजना तैयार की जाएगी। वे बोले कि 60 फीट चौड़ाई को लेकर क्षेत्र के अधिकांश रहवासी सहमत हैं, जिससे काम में तेजी आने की उम्मीद है।

## खबर एक नजर...

### बरगी डैम हादसे पर आक्रोशः युवक कांग्रेस ने फूंका पर्यटन मंत्री का पुतला

**उज्जैन।** जबलपुर के बरगी डैम में हुए हादसे को लेकर युवक कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। जिला युवक कांग्रेस सचिव रवि यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया।

पुतला दहन के दौरान ओम भारद्वाज, जितेंद्र नाना तिलकर, नरेंद्र मालवीय, जावेद पटेल, कुलदीप सिंह जाट, पुरुषोत्तम कहार, दीपक खंडेलवाल, रेणुका गांधी, अंकित यादव विशु, प्रीतेश शर्मा, शैलेंद्र सिंह डोडिया, शेर सिंह चौहान, राज उदयवाल, यशवंत चौहान, राहुल अखंड, दिनेश सूर्यवंशी, तरुण परिहार, देव कपूर, लवेश परमार, सारिक मस्तान, विनय मंडलोई और विजय केवड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उज्जैन मुशायरा कमेटी ने किया शहर की दो हस्तियों का सम्मान

**उज्जैन।** उज्जैन मुशायरा कमेटी द्वारा शहर के दो समाजसेवियों का आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। जाहिद नूर खान एडवोकेट को उनके जन्मदिवस के अवसर पर तथा मोहम्मद साहब को उमराह के पवित्र सफर से लौटने पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह कमेटी के कन्वीनर शकील सिद्दीकी पटवारी के नेतृत्व में पूर्व पार्षद जफर सिद्दीकी के कार्यालय पर आयोजित हुआ।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष योगेश व्यास, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, तोपखाना व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष फारुख पहलवान, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जब्बार शेख, जज्बा सोशल फाउंडेशन अध्यक्ष सरफराज कुरैशी, अल्फाबेट अकादमी के संचालक नईम खान, गजेन्द्र शर्मा, पत्रकार रशीद खान, पूर्व पार्षद जफर सिद्दीकी, मुजीब भाई सुपारी वाले, रागिब हाशमी, वहीद कोटवी, भूरु शेख, नसीम अली पीरजी, बबलू भाई, सलीम कप्तान, फिटवेल मास्टर, गुड्डू भाई कबाड़ी और जाकिर भाई सहित शहर के कई प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### कालिदास अकादमी में माली समाज का महाकुंभ, 'वनमाली' पुस्तिका का विमोचन

# महात्मा ज्योतिबा फुले द्विशताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन संपन्नः 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उतनी उसकी हिस्सेदारी'

### एकजुट होकर शक्ति प्रदर्शन का आह्वान

### विभिन्न राज्यों से आए अतिथियों ने किया संबोधित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एकता मंच एवं अखिल भारतीय महासंघ के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले के द्विशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कालिदास अकादमी में राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। अखिल भारतीय माली समाज, उज्जैन द्वारा आयोजित इस सेमिनार में समाज की एकजुटता और राजनीतिक हिस्सेदारी पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी थे तथा अध्यक्षता कैलाश बाघेला ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के पूर्व मंत्री सचिन यादव उपस्थित रहे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने



स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा माली समाज की पुस्तिका 'वनमाली' का विमोचन भी किया गया।

मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री सचिन यादव ने पिछड़े वर्ग की एकता पर बल देते हुए कहा कि ?जिसकी जितनी संख्या भारी, उतनी ही हिस्सेदारी? के सिद्धांत पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने आह्वान किया कि राजनीतिक पिछड़ापन दूर करने के लिए माली समाज की सभी शाखाओं को एकजुट होकर शक्ति प्रदर्शन करना चाहिए।

सम्मेलन में राजस्थान के कोटा से आईं सीता भाटी ने सामाजिक एकता पर बल दिया। बिहार के बबलू मालाकार, हरियाणा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सैनी, सतना विधायक सुखलाल कुशवाह और बुरहानपुर से आए विशेष अतिथि हर्षराज देवड़ा ने भी वक्ता के रूप में सभा को संबोधित किया। मंचासीन अतिथियों में सुरेंद्र सांखला और रमेश मौर्य भी शामिल रहे।

**शॉल-श्रीफल और स्मृति चिह्न से सम्मान-** मुख्य अतिथि डॉ. रवि सोलंकी का स्वागत गुजराती सैनी माली समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनारायण परमार, धर्मशाला अध्यक्ष आनंदीलाल सोलंकी और क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज के अध्यक्ष मोती भाटी सेठ ने किया। समाजसेवी प्रदीप भाटी एवं सुरेश सोनगरा ने अतिथियों को महात्मा ज्योतिबा फुले दंपति और भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा स्मृति चिह्न स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों का शॉल एवं श्रीफल से भी सम्मान किया गया।

मुख्य वक्ता सचिन यादव का स्वागत चेतन यादव, मोती भाटी, देवदास यादव, पार्षद प्रेमलता रामी, गीता रामी और पूर्व पार्षद कुन्दन माली ने किया। पूर्व मंत्री का स्वागत शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी और ओम भारद्वाज ने भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों का स्वागत समाजसेवी गोपाल बागर, गजानंद रामी, ओंकारेश्वर धर्मशाला अध्यक्ष प्रदीप भाटी, कैलाश पटेल, नारायण जागीरदार और लीलाधर ने किया। संचालन विकास किशोर भाटी एवं विनोद मकवाना ने किया। अंत में आभार जिला उपाध्यक्ष महेश जादम और कुन्दन माली ने माना।

# सुधांशु महाराज के जन्मोत्सव पर उल्लास पर्व का आयोजन, कवियों ने किया उज्जैन का गुणगान

### लोकेंद्र शास्त्री ने दिए गीता व विष्णु सहस्त्रनाम के दृष्टांत, पारिवारिक कविताओं ने बांधा समां

### पंडित लोकेंद्र शास्त्री का प्रेरक उद्बोधन, काव्य पाठ से रसमय हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व जागृति मिशन द्वारा परम पूज्य श्री सुधांशु जी महाराज का जन्मोत्सव 'उल्लास पर्व' के रूप में अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जन जातीय विभाग के सहायक संचालक पंडित लोकेंद्र जी शास्त्री उपस्थित रहे।

पंडित शास्त्री ने अपने प्रेरक और विचारवान उद्बोधन से आयोजन को नई ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने उज्जैन नगरी की महिमा से जुड़े कई अनूठे पहलुओं को साझा किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने गीता और विष्णु सहस्त्रनाम आदि ग्रंथों के विभिन्न प्रसंगों को उद्धृत करते हुए जीवनोपयोगी संदेश दिए। उनकी रोचक वाणी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में काव्य रस की भी वर्षा हुई। कवि राहुल शर्मा ने उज्जैन नगरी की महिमा को अपनी कविताओं में पिरोया, जिसकी श्रोताओं ने खूब सराहना की। कवि विक्रम विवेक ने पारिवारिक विषयों पर केंद्रित रचनाएं सुनाकर उपस्थित जनसमूह को आनंदित किया और जमकर तालियां बटोरीं। कवि अशोक भाटी ने भी शानदार काव्य पाठ किया।

# अवैध वसूलीः नगर निगम कर्मी पर भगवान के चित्र फेंकने और महिलाओं से अभद्रता का आरोप

### पूजन सामग्री बेचने वाले फुटकर व्यापारियों ने कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन, मोइनुद्दीन खान और उसके बेटों पर कार्रवाई की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में प्रमुख मंदिरों के आसपास फूल-प्रसाद और पूजन सामग्री बेचने वाले फुटकर व्यापारियों में भय का माहौल है। व्यापारियों ने नगर पालिक निगम के अस्थायी अतिक्रमण प्रभारी मोइनुद्दीन खान उर्फ चौधरी हेला और उसके बेटों पर अवैध वसूली, महिलाओं से अभद्रता करने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित व्यापारियों ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपकर इस मामले में कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

### हफ्ता नहीं देने पर करते हैं अभद्रता

हरसिद्धि मार्ग और बड़े गणेश मंदिर के पास फुटपाथ पर हार-फूल और भक्ति भंडार की दुकान लगाने वाले व्यापारियों का कहना है कि इसी से उनके परिवार का भरण-पोषण होता है। आरोप है कि नगर निगम का अस्थायी कर्मचारी मोइनुद्दीन खान और उसके पुत्र फैजान व अब्दुल उनसे दुकान लगाने के नाम पर हफ्ते की मांग करते हैं। रुपये देने से मना करने पर ये लोग पूजन सामग्री और हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरों को लात मारकर फेंक देते हैं और पैरों से रौंदते हैं। इसके अलावा महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें व इशारे किए जाते हैं और गालियां देकर मारपीट की जाती है। व्यापारियों ने अपने आवेदन में बताया कि उन्हें महापौर द्वारा सड़क के एक तरफ अपनी पल्ली और दरी बिछाकर व्यापार करने की अनुमति दी गई है। लेकिन अतिक्रमण प्रभारी मोइनुद्दीन और उसके बेटे कहते हैं कि वे किसी को नहीं मानते और यदि सब मिलकर हफ्ता देंगे, तभी वहां दुकान लगाने देंगे।

### प्रशासन से लगाई सुरक्षा की गुहार

आक्रोशित और भयभीत व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त लोगों को तत्काल निगम से हटाया जाए और उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किया जाए। साथ ही व्यापारियों को सुचारू रूप से व्यापार करने के लिए सुरक्षा प्रदान की जाए। यह जानकारी व्यापारी शिव सिंह गहलोत ने दी। ज्ञापन सौंपने वालों में मीना प्रजापत, महेश चौधरी, अब्दुल मजीद, रेखा, गौरव गोयत, जीवन माली, सुभाष, संतोष बाई, संगीता चौहान, निर्मला, देवकन्या, शिव सिंह गहलोत, जगदीश टेंट वाले सहित बड़ी संख्या में फुटकर व्यापारी उपस्थित थे।

# भाजपा का डाका है, किसान के घर फाका हैः शहर कांग्रेस अध्यक्ष भाटी

### किसानों की समस्याओं पर कांग्रेस का 7 मई को चक्का जाम, शहर कांग्रेस की वर्किंग कमेटी की बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्यप्रदेश के किसान उपार्जन केंद्रों की अव्यवस्था, टोकन सिस्टम में तानाशाही, तुलाई में भ्रष्टाचार और भुगतान में देरी से परेशान हैं। इस स्थिति से मजबूर होकर किसान बिचौलियों के हाथों शोषित हो रहे हैं। यह बात शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कही। उन्होंने कहा कि यह मामला अब सिर्फ असुविधा का नहीं बल्कि किसानों के सम्मान, आजीविका और भरोसे से जुड़ा है। भाटी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह प्राकृतिक आपदा जैसी स्थिति है, जो सरकार की नीतिगत विफलता और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है।

किसानों को अपनी फसल के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ रहा है। स्लॉट बुकिंग और टोकन सिस्टम पूरी तरह फेल है। खुले में फसल के खराब होने का खतरा है। घोषित एमएसपी और वास्तविक भुगतान में बड़ा अंतर है, जहाँ 2700 रुपये क्विंटल का वादा किया गया था, वहीं बोली 2300 से शुरू हो रही है। भुगतान में देरी किसानों को कर्ज के जाल में धकेल रही है।

सरकार सेटेलाइट से निगरानी कर नरवाई जलाने पर किसानों पर सीधे केस दर्ज कर रही है, जो कि किसानों के साथ अपराधी जैसा व्यवहार है। इसके अलावा, कमलनाथ सरकार द्वारा स्वीकृत राशि का कोई रोड मैप नहीं है और बीमा एवं आपदा मुआवजा भी अटका हुआ है। कांग्रेस की प्रमुख मांगों में किसानों को भावांतर का पूरा भुगतान और पुराना बकाया पूर्ण रूप से अदा करना, हर किसान की फसल की समर्थन मूल्य पर गारंटीड खरीद, और सात दिन के भीतर फसल उपार्जन के भुगतान की कानूनी गारंटी देना शामिल है। साथ ही उपार्जन केंद्रों की संख्या और क्षमता दोगुनी करने, इन केंद्रों पर प्रतिदिन तुलाई की मात्रा 2250 क्विंटल से बढ़ाकर 5000 क्विंटल करने, खाद, बीज और जूट बैग की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। नरवाई नियमों में व्यावहारिक सुधार कर दंडात्मक कार्यवाही पर रोक लगाने, कर्ज माफी व ब्याज राहत का स्पष्ट रोडमैप बताने और बीमा व मुआवजा भुगतान की समय सीमा तय करने की भी प्रमुखता से मांग उठाई गई है।

किसानों के मुद्दे को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी की वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 मई को होने वाले चक्का जाम में उज्जैन से 150 वाहनों के साथ शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, संगठन महासचिव अजय राठौर, राजेश राणा, अशोक सारवान, अनवर बाबा, रमेश सांखला, अभिषेक लाला, संचित शर्मा, बब्लू खींची, चन्द्र भान सिंह चंदेल, कमल चौहान, वरूण शर्मा, बंटी वसीम, प्रकाश सोलंकी, वीरेंद्र गोसर, सलीम भाई गैस वाले, रफीक भाई, छोटेलाल मंडलोई, इमरान खान, मेहताब लाला, फिरोज पठान, अनवर नागोरी, परमानंद मालवीय, राहुल लोट, असलम भाई, मुकेश सूर्यवंशी, कृष्णा यादव, विकास मालवी, रफीक भाई टेंपो वाले, सुरेश वासनिक, चेतन भट, अतुल सक्सेना, हर्षवर्धन यादव, पवन यादव, दानिश राठी, असरार मामू, निर्भय सिंह त्रिवेदी, लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, श्याम जटिया, समद खान, मनोज ठाकुर, सोनिया ठाकुर, मदीना अली, नीलम विश्वास, रश्मि त्रिवेदी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती में उज्जैन ने जीते 23 पदक

**उज्जैन।** भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 23 पदक अपने नाम किए हैं। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के तत्वावधान और भोपाल पंजा कुश्ती संघ द्वारा किया गया था। उज्जैन जिला पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष गोपाल यादव और सचिव प्रतीक सिंह तोमर ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 275 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जितेंद्र सिंह कुशवाह और रवि मालवीय के नेतृत्व में गई उज्जैन की टीम ने सब जूनियर, जूनियर, यूथ तथा सीनियर पुरुष और महिला वर्ग में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उज्जैन के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 10 स्वर्ण, 6 रजत और 7 कांस्य पदकों पर अधिकार जमाया।

विजेता खिलाड़ियों में अजय आंजना, अदनान, यावर अली, आदर्श शर्मा और महिला वर्ग में योगिता राज गोस्वामी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं वरेण्यम, नवीन राठौर, आदर्श शर्मा व रोहित डोडिया ने रजत पदक प्राप्त किया। इसके अलावा संदीप परमार, दक्ष सिंह कुशवाह, तुषार श्रीवास, हिमांशु राणा, वीरेन्द्र आंजना तथा अमित गांधर्व ने कांस्य पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया।

### वायु सेना चिकित्सा सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों का उज्जैन में सम्मान

**उज्जैन।** भारतीय वायु सेना चिकित्सा सेवा से सेवानिवृत्त सीनियर नॉन कमीशंड अधिकारियों का एक दल देव-दर्शन के लिए धर्मनगरी उज्जैन पहुंचा। यहां दर्शन यात्रा के पश्चात पूर्व सैन्य अधिकारियों के स्वागत में एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान डॉ. मनीष गेहलोत ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। यह अवसर देशसेवा के प्रति सैन्य अधिकारियों के अटूट समर्पण को नमन करने का रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों को आत्मीयता के साथ ससम्मान विदाई दी गई।

### चमनकुटी आश्रम में पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन का चादर विधि व हवन के साथ हुआ समापन

**उज्जैन।** चिंतामण जवासिया स्थित चमनकुटी आश्रम में पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन हवन एवं महंत चादर विधि के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया तथा महाप्रसादी ग्रहण की।समाजसेवी सजन चौधरी ने बताया कि परमपूज्य ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 चमन गिरी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर 1 मई को श्री खेड़ापति सरकार के विशेष पूजन एवं चोला श्रृंगार के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई थी। यह आयोजन 5 मई तक निरंतर चलता रहा। इस दौरान प्रतिदिन शाम को सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# उज्जैन से शुरू हुई 'अनहद लोक कला यात्रा' का समापन, कबीर की वाणी और निर्गुण भजनों से गूंजा मालवा

### वृंदावन पुरा से उठी लोक चेतना की अलख; पद्मश्री भेरू सिंह चौहान और नानूराम सनवेरिया 'सारस्वत सम्मान' से अलंकृत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




मालवा अंचल की लोक परंपराओं, विशेषकर निर्गुण लोक गायकी और विविध कलाओं के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से निकाली गई 'मालवांचल अनहद लोक कला यात्रा' का समापन हो गया। अनहद लोक कला सांस्कृतिक शैक्षणिक साहित्यिक संस्थान उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय लोक कला को सशक्त मंच प्रदान करने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। यात्रा का शुभारंभ उज्जैन के वृंदावन पुरा स्थित संत रविदास गुरुद्वारे से हुआ, जबकि मुख्य आयोजन देवास के विक्रम सभा एवं कला भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रातःकालीन सत्र में आयोजित परिचर्चा में कबीर परंपरा, निर्गुण वाणी और लोक संस्कृति की प्रासंगिकता पर गहन विमर्श किया गया। इसमें डॉ. सुरेश पटेल और तालवाद्य साधक अनुप सिंह बोरलिया ने लोक चेतना व सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर अपने विचार रखे।

### लोक गायन और वादन से बांधा समां

दोपहर के सत्र में मालवा अंचल के कलाकारों ने लोक गायन, वादन और पारंपरिक शैलियों की प्रस्तुति दी। इस दौरान पद्मश्री कालूराम बामनिया की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा मुकेश मालवीय, मधुसूदन परमार, संतोष चक्रवर्तिया, स्नेहा गेहलोत, माया मालवीय, करण पोरवाल, शंकरलाल धौलपुरिया, रामचरण परमार, बंजारण सिस्टर्स गोरी-ज्योति, संगीता लोधवाल, शिवानी सोनगरा और अजय-विजय गांगोलिया ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं की खूब दाद बटोरी। समापन समारोह में पद्मश्री पं. उमाकांत गुंदेचा, श्रीपाद जोशी, प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा, भगवान सिंह परमार और अरुणा सोनी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मालवा की निर्गुण गायन परंपरा में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मश्री भेरू सिंह चौहान और नानूराम सनवेरिया को 'सारस्वत सम्मान' से सम्मानित किया गया। संस्थान के संस्थापक एवं लोक गायक रामचंद्र गांगोलिया ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से लोक कला सहेजने के साथ कलाकारों को मंच और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा मिलता है।

# किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में 78 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

### राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए हुआ खिलाड़ियों का चयन, बीमा चौराहा स्थित कान्हा परिसर में संपन्न हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन उज्जैन के तत्वावधान में 3 मई को बीमा चौराहा स्थित कान्हा परिसर में प्रथम जिला किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय स्पर्धा में एसोसिएशन से संबद्धता प्राप्त विभिन्न स्कूलों और क्लबों के 78 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष करुणा जैन, राज्य स्तरीय जीत कुने डो फेडरेशन के महासचिव राजेंद्र राठौड़, जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन की उपाध्यक्ष रजनी नरवरिया, दुर्गे राम कवरेती और सचिव रवि यादव के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

स्पर्धा के दौरान मुकाबलों में नेशनल रेफरी मीनाक्षी चव्हाण, कोच व रेफरी प्रियांशी नरवरिया और रेफरी प्रिय सिंह चौहान ने मुख्य निर्णायक की जिम्मेदारी संभाली। इसके साथ ही आकाश सोलंकी, निरंजन सोलंकी, छवि दीक्षित और आयुषी गोसार ने भी निर्णायक की भूमिका निभाई।

जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सह-सचिव आकाश वाडेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयनित हुए खिलाड़ी 8 से 10 मई 2026 तक आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उज्जैन जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### नव नियुक्त अध्यक्ष का किया भव्य स्वागत

**उज्जैन।** अजाक्स संगठन द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य कर्मचारी कल्याण प्रकोष्ठ, मध्यप्रदेश शासन के नव नियुक्त अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान करते हुए इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रांतीय महासचिव महेश विरोलिया एवं प्रांतीय सचिव डॉ. रमेशचंद्र चांगेसिया के नेतृत्व में पुष्पमालाओं से नव नियुक्त अध्यक्ष का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी एवं जिलाध्यक्ष डॉ. रतनलाल परमार ने जानकारी दी।

# 200 साल पुराने राधा-कृष्ण मंदिर का संगमरमर से हुआ भव्य जीर्णोद्धार

### नारद जयंती पर हुई प्राण प्रतिष्ठा और महाआरती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के कटिया बाखल स्थित 200 वर्ष प्राचीन भगवान श्री राधा-कृष्ण मंदिर का संगमरमर से भव्य जीर्णोद्धार किया गया है। इसके साथ ही कटिया समाज सेवा समिति द्वारा मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का रविवार, 3 मई को विधिवत समापन हो गया है।

विगत 29 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ शुरू हुए इस पांच दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को नारद जयंती के पावन अवसर पर मुख्य अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान स्थापित देवता हवन, यज्ञ कर्म, पूर्णाहुति और वसोधारा के साथ भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके पश्चात भगवान की महाआरती हुई और माधव सेवा न्यास (भारत माता मंदिर भोजन शाला) में आयोजित विशाल भंडारे में समाजजनों ने महाप्रसादी ग्रहण की।

### आयोजन में इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में कटिया समाज सेवा समिति के अध्यक्ष फतेहचंद बाघेला (पप्पू भैया), उपाध्यक्ष मांगीलाल चंवरासिया, सचिव घनश्याम नागमौतिया, सह सचिव विजय सिंह नागमौतिया और कोषाध्यक्ष बाबुलाल अट्नेरिया का विशेष मार्गदर्शन रहा। इसके साथ ही समिति सदस्य ओमप्रकाश धर्मपुरिया, नंदकिशोर मालापुरी, सुरेन्द्र सिसोदिया, उमेश अट्नेरिया, संतोष चंवरासिया, घनश्याम चंवरासिया, ओमप्रकाश बड़गोतिया, जगदीश (रवि) गुजरिया और मितेश नागमौतिया ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

मंदिर में प्रतिमाओं की स्थापना पूर्ण होने और महोत्सव के सफल आयोजन की यह जानकारी देवेंद्र बाघेला द्वारा दी गई।

# मातृ दिवस पर सिंधी फिल्म 'शल याद रखऊं' का निःशुल्क प्रदर्शन 10 को

### संयुक्त परिवार की प्रेरणा देने वाली फिल्म के पीवीआर में होंगे तीन शो, शहर में बनाए गए 10 टिकट वितरण केंद्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




मातृ दिवस के अवसर पर 10 मई को सकल सिंधी समाज उज्जैन द्वारा सिंधी भाषा, संस्कृति के विकास और संयुक्त परिवार में रहने की प्रेरणा देने वाली सामाजिक फिल्म 'शल याद रखऊं' का निःशुल्क प्रदर्शन किया जाएगा। संयोजक महेश परियानी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में दीपक बेलानी एवं रमेश गजरानी ने बताया कि निमार्ता-निर्देशक प्रेम सावलानी की यह फिल्म संयुक्त परिवार की एकजुटता एवं आत्मरक्षा के फायदों की प्रेरणा देती है।

फिल्म के तीन शो पीवीआर में दोपहर 3 बजे, शाम 6 बजे और रात 8:30 बजे से निःशुल्क दिखाए जाएंगे। समाजजन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 6 मई से शहर के 10 निर्धारित केंद्रों से टिकट प्राप्त कर अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं।

टिकट वितरण के लिए शहर में 10 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें डॉ. जितेंद्र जेठवानी इंदिरा नगर झूलेलाल मंदिर, दौलत खेमचंदानी संत लीला शाह स्कूल, मोहन वासवानी झूलेलाल मंदिर गीता कॉलोनी, जवाहर सनमुखानी विनायक ट्रेडर्स दौलतगंज, भानुशाली पंचायत सचिव होतचंद हसेठिया, राजकुमार परसवानी पूजा क्लॉथ सेंटर, गोपाल बलवानी गोपाल डेयरी, किशोर मुलानी कृष गिफ्ट्स, दीपक बेलानी ओंकार प्रॉपर्टी दो तालाब के पास और विनोद मुलानी पीवीआर टॉकीज वेद नगर शामिल हैं। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, दीपक बेलानी, गोपाल बलवानी, राजकुमार परसवानी, लोकेश आडवाणी, पुष्पा कोटवानी, स्वाति गजरानी, रिंकू बेलानी, नेहा मोटवानी और विनोद लुल्ला को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में डॉ. सुनील खत्री ने आगामी समय में होने वाली जातीय मतगणना के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी।

## खबर एक नजर...

### उमा महेश पैनल ने समाज हित में काम करने का लिया संकल्प

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग स्थित महेश धाम में उज्जैन नगर माहेश्वरी समाज के चुनाव शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 631 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। खास बात यह रही कि वर्षों से दो थोक में चुनाव कराने की परपंरा के विपरीत अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के निर्देशनानुसार चुनाव कराए गए और समग्र उज्जैन के बन्धुओं ने समाज के चुनाव में भाग लिया। इस चुनाव को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। चुनाव में दो पैनल मैदान में थे उमा महेश पैनल और माहेश्वरी पैनल। उमा महेश पैनल के 71 तथा माहेश्वरी पैनल के 68, कुल 139 उम्मीदवारों ने भाग लिया। परिणामों में उमा महेश पैनल को बढ़त मिली और उसके 41 उम्मीदवार विजयी रहे, जबकि माहेश्वरी पैनल के 30 प्रत्याशी जीते। जीत के बाद विजयी पैनल में खुशी की लहर दौड़ गई, कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। विजेता टीम के माहेश्वरी समाज के संजय लड्ढा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार समाज ने बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाते हुए युवाओं को नेतृत्व सौंपा है। सभी युवा मिलकर समाज की एकता और विकास के लिए कार्य करेंगे तथा भविष्य में बेहतर परिणाम देने का प्रयास करेंगे। चुनाव प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार चुनाव अधिकारी शैलेंद्र राठी एवं सहायक अधिकारी दिलीप जावर के निर्देशन में चुनाव संपन्न हुए, वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने विजयी पैनल का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। चुनाव के अंदर उमा महेश पैनल के सभी प्रत्याशी भारी बहुमत से विजय हुए। शीघ्र ही उज्जैन नगर माहेश्वरी समाज की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस मौके पर विजय होने वाले प्रत्याशी श्याम पलोड, संजय लड्ढा, प्रमोद जेथलिया आदि वरिष्ठ साथियों ने प्रमुख रूप से विजय प्राप्त की।

### शर्मा मप्र राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष नियुक्त

**उज्जैन।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव निदेर्शानुसार रमेश चंद शर्मा को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं संयुक्त मोर्चा जिला उज्जैन के कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। जिला अध्यक्ष मोकम सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष रमेश चंद शर्मा को पूरे संगठन की ओर से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उज्जैन आगमन पर रमेश चंद शर्मा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर मोतीलाल निर्मल (प्रांतीय संयोजक), मोकम सिंह पटेल (अध्यक्ष), श्रीकांत उदगीर (उपाध्यक्ष), दिनेश नागर (सचिव), भूपेंद्र सिंह यादव (कोषाध्यक्ष), रफी अहमद जैदी (कार्यालय सचिव), कमलेश मीणा, राम नारायण सहरिया (सीनियर ऑडिटर), कमल सिंह मीणा, आंजना, राजेश कुशवाहा, कपिल चंद्रवंशी, दीपक राजपूत सहित कर्मचारी संघ के अन्य पदाधिकारी की उपस्थिति में भव्य स्वागत का निर्णय लिया गया।

स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से

# दाऊदी बोहरा समाज ने किया ग्लूकोस-डी वितरण, स्वच्छता एवं सेवा का दिया संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास दाऊदी बोहरा समाज की संस्था टीकेएम द्वारा ग्लूकोस-डी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की मंशा के अनुरूप किया गया।कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों और नागरिकों ने रुककर ग्लूकोस-डी का सेवन किया। संस्था द्वारा केवल पेय वितरण ही नहीं किया गया, बल्कि स्वच्छता का संदेश भी




प्रभावी रूप से दिया गया। आयोजन स्थल पर स्वयंसेवक डिस्पोजल गिलास हाथों-हाथ एकत्रित कर डस्टबिन में डालते रहे, ताकि आसपास गंदगी न फैले। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रमुख आमिल साहब शेख मोईज भाई जमाली, मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल एवं अंजुमन-ए-वहजी के सेक्रेटरी शेख अलीअसगर मोय्यदी उपस्थित रहे। बुरहानुद्दीन भाई लश्करवाला एवं मुस्तफा भाई नागदा वाला ने बताया कि सैयदना साहब की मंशा है कि भीषण गर्मी में किसी भी व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रभावित न हो। इसी उद्देश्य से शहरवासियों को गर्मी से राहत देने के लिए ग्लूकोस-डी का वितरण किया गया। साथ ही स्वच्छता बनाए रखने के लिए डिस्पोजल गिलासों को डस्टबिन में डलवाकर लोगों को जागरूक किया गया। आमिल साहब शेख मोईज भाई जमाली ने कहा कि संस्था द्वारा सैयदना साहब के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी को पानी पिलाना भी बहुत बड़ा सवाब का काम है और इस भीषण गर्मी में ग्लूकोस-डी वितरण निश्चित रूप से लोगों को ऊर्जा देने के साथ उनके स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने दाऊदी बोहरा समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज हमेशा मानवता और सेवा के कार्यों में आगे रहता है। उन्होंने कहा कि संस्था ने सेवा कार्य के साथ-साथ स्वच्छता का संदेश देकर लोगों में जागरूकता पैदा करने का सराहनीय प्रयास किया है।

### गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निदेर्शानुसार समाजसेवी ओम जैन को गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इस पद को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है। उनकी नियुक्ति से उज्जैन के सामाजिक संगठनों में हर्ष का माहौल है। नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जैन का हाजी मुल्ला कुतुब फातेमी द्वारा भावपूर्ण स्वागत किया गया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर हाजी मुल्ला कुतुब फातेमी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा एक समाजसेवी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना सराहनीय निर्णय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ओम जैन अपने अनुभव और सामाजिक कार्यों के माध्यम से आने वाले समय में बेहतर कार्य करेंगे तथा प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर गणेश गोड़, श्रीमती नाज़िमा फातेमी, विश्वजीत नागर, आदि भी उपस्थित थे।

### वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया ने मनाई खुशी, भाजपा की बंगाल जीत पर जश्न

**उज्जैन।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद उज्जैन में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। गोपाल मंदिर स्थित छत्री चौक पर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया द्वारा संगठन के प्रदेश महामंत्री रोहित मित्तल के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एकत्रित होकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और आतिशबाजी कर उत्सव मनाया। इसके बाद आम जनता में भी मिठाई का वितरण किया गया। रोहित मित्तल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता द्वारा भाजपा को मिला समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा जनकल्याण की योजनाएं प्रभावी रूप से आगे बढ़ेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल की जनता लंबे समय से परेशान थी और अब उन्होंने अपने मत के माध्यम से परिवर्तन का संदेश दिया है। कार्यकताओं ने जीत को लोकतंत्र की विजय बताते हुए भविष्य में भी इसी तरह जनसमर्थन मिलने की आशा व्यक्त की।

# डबल मर्डर के बाद एक्शन मोड में एसपी, देर रात फोर्स के साथ सड़कों पर उतरे व चेकिंग अभियान चलाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

शहर में एक रात पूर्व हुए डबल मर्डर की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एसपी स्वयं पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरे और शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान एसपी अमित कुमार के साथ एएसपी विवेक कुमार, सीएसपी सत्येन्द्र घनघोरिया, डीएसपी किशोर पाटनवाला, अजय सारवान, संबंधित थाना प्रभारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों और गलियों में बिना कारण खड़े रहने वाले युवाओं के समूहों की जांच की और उन्हें घर जाने के निर्देश दिए।

चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे युवाओं की तलाशी भी ली गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई में पुलिस को कुछ सफलता भी हाथ लगी है और मादक पदार्थ जब्त होने की सूचना सामने आ रही है, हालांकि इसकी



आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। एसपी अमित कुमार के अनुसार पिछले दिनों शहर में हुए विवादों का विश्लेषण करने पर यह सामने आया है कि देर रात बेवजह घूमने या एकत्रित होने वाले युवाओं के बीच ही अधिकांश विवाद और आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। इसी को देखते हुए एसपी अमित कुमार ने खुद मोर्चा संभालते हुए सख्त कदम उठाए हैं। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर में दुकानें समय पर बंद हों, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जाए

### ट्रैफिक बदलाव के विरोध में चल रहा धरना दूसरे दिन एसपी के आश्वासन के बाद स्थगित

**मंदसौर** -शहर के सबसे व्यस्ततम सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे पर प्रशासन द्वारा यातायात का दबाव कम करने के तर्क के साथ चौराहे के सर्कल को हटाकर वन-वे व्यवस्था लागू करने और बैरिकेड्स लगाने के फैसले के खिलाफ जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेसजन एवं स्थानीय नागरिक पिछले दो दिनों से सड़क पर उतर आए हैं। इस नई व्यवस्था के कारण अफीम गोदाम रोड, नई आबादी और संजीत नाका की ओर जाने वाले राहगीरों को अब लंबे चक्कर काटकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे न केवल समय की बबार्दी हो रही है बल्कि अन्य रास्तों पर भी जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

दूसरे दिन भी प्रदर्शनकारी ने इस भीषण गर्मी में भी अपना विरोध जारी रखा। इस दौरान जन प्रतिनिधियों की उदासीनता पर भी सवाल उठाए गए और जनता की सुविधा को सर्वोपरि रखने की बात कही गई। दीपकसिंह गुर्जर ने धरना स्थल से कहा कि वे बुधवार को 11.30 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपने साथियों के साथ आत्मदाह करेंगे। इसके बाद मामला गर्मा गया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन हरकत में आया। श्री गुर्जर ने बताया कि शाम को एसपी के संदेश के बाद प्रदर्शन कारियों का एक प्रतिनिधिमंडल चर्चा करने पहुँचा। इस सकारात्मक चर्चा में यह स्पष्ट किया गया कि वर्तमान व्यवस्था स्थायी नहीं है।

# किसान ने सीमांकन न होने और अधिकारियों द्वारा परेशान किए जाने के विरोध में सपरिवार भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जिले में प्रशासनिक सुस्ती और पटवारी व आरआई की कथित मनमानी से परेशान होकर अब आम जनता का धैर्य जवाब देने लगा है। ताजा मामला रतलाम जिले का है, जहां एक किसान ने सीमांकन न होने और अधिकारियों द्वारा परेशान किए जाने के विरोध में सपरिवार भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है।

मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे प्रार्थी दशरथ सिंह पिता गोपाल सिंह राजपूत ने जिला कलेक्टर को सौंपे अपने शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी कृषि भूमि नामली के ग्राम बड़ोदा (अंगेठी) स्थित सर्वे नंबर 398/1 व 387/3/3 के सीमांकन के लिए काफी समय पहले आवेदन किया था। आवेदन के पश्चात 24 अप्रैल 2024 को सीमांकन की तारीख भी तय की गई थी।

दशरथ सिंह का आरोप है कि सीमांकन के दौरान उनकी कुल ८ लाइन की जमीन में से कुछ हिस्से का सीमांकन तो किया गया, लेकिन बाकी हिस्से को अधूरा छोड़ दिया गया। किसान का कहना है कि उन्होंने कई बार पटवारी और आरआई मैडम से इस संबंध में गुहार लगाई, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। शिकायती पत्र में किसान ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पटवारी द्वारा सीमांकन के नाम पर बार-बार रुपयों की मांग की जा रही है। किसान ने स्पष्ट किया कि पटवारी का कहना है कि यदि रुपए दोगे तो ही नापती करेंगे, वरना नहीं। अधिकारियों के इस अडि?ल रवैये से परेशान होकर किसान अब आर्थिक और मानसिक रूप से टूट चुका है। पीड़ित किसान ने कलेक्टर से विनम्र निवेदन किया है कि उनकी भूमि का सीमांकन जल्द से जल्द सही तरीके से करवाया जाए। पत्र के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि यदि आज 5 मई 2026 से अगले 10 दिनों के भीतर सीमांकन कार्य पूर्ण नहीं हुआ और समस्या का निराकरण नहीं किया गया, तो वे अपने पूरे परिवार के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे।

किसान ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति या जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। अब देखना यह है कि इस गंभीर शिकायत के बाद जिला प्रशासन मामले में क्या संज्ञान लेता है।

### दान पात्र लोगों के लिए और समय अनुकूल हो

दान और सेवाएं भी समय अनुकूल और पात्र व्यक्तियों के लिए ही होना चाहिए तभी इसका महत्व है उपयुक्त और आवश्यकता के अनुसार लोगों की सेवा करना अत्यंत पुनीत कार्य है। ग्रीष्म काल में लोगों के लिए प्याऊ की स्थापना और पक्षियों के लिए सकोरे उपलब्ध कराना श्रेष्ठतम गतिविधि है। संस्था परस्पर यह पुनीत कार्य कर अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणा का कार्य कर रही है। उपरोक्त विचार परस्पर संस्था द्वारा कॉलेज रोड पर आयोजित प्याऊ के लोकार्पण और पक्षियों के लिए स्कोर वितरण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने व्यक्त किये।

# विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में मंडलेश्वर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार शाम लगभग सात बजे बस स्टैंड पर एकत्रित होकर जीत का जश्न बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं।

इस दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यकर्ताओं ने च्भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद और च्नरेंद्र मोदी जिंदाबाद जैसे नारों के साथ माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में कार्यकताओं के संघर्ष और समर्पण की जीत है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से वहां बदलाव की जो अपेक्षा थी, वह अब साकार होती नजर आ रही है।वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता सतीशचंद्र मोयदे ने कहा कि यह विजय केवल किसी एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे देश के भाजपा कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और संगठन की नीतियों को दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भाजपा लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर भविष्य में भी इसी तरह संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मनोज शर्मा, डॉ. अखिलेश बर्वे, नितिन पाटीदार, अनिरुद्ध हलवे, विक्की पाटीदार, हरि गाडगे, गोलू पाटीदार, रोहित केवट, सीताराम ठाकुर, अभिलाष ठाकुर, दीपक तोमर, गणेश पाटीदार, दीपक ठाकुर, पवन अग्रवाल, लोकेश केवट, दिलीप पाटीदार, लीला वर्मा, रेखा सोलंकी, गणेश पटेल, बाबूलाल सिटोले सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गरुड़ पोर्टल से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की होगी केंद्रीकृत रीयल-टाइम मॉनिटरिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

गरुड़ पोर्टल से प्रदेश के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की केंद्रीकृत रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जायेगी। इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता के संचार के साथ संचालन की दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे सीवेज प्रबंधन की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाया जा सकेगा और समय पर निर्णय लेने में सुविधा होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) द्वारा राज्य में सीवेज प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़, आधुनिक एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल की गई है।मध्यप्रदेश में अपनी तरह की यह प्रथम केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली है, जो वास्तविक समय में डेटा ट्रैकिंग के साथ-साथ उत्कृष्ट परिचालन निरीक्षण एवं त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को अत्यंत सशक्त बनाती है। जल गुणवत्ता के संवर्धन एवं नगरीय स्वच्छता के संकल्प को अभूतपूर्व मजबूती मिलने की पूर्ण अपेक्षा है। आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि विभाग के अंतर्गत संचालित कुल 42 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में अत्याधुनिक एससीएडीए सह ओसीईएमएस प्रणाली को सफलतापूर्वक स्थापित व लागू कर दिया गया है। विदित हो कि पूर्व में इन संयंत्रों से प्राप्त होने वाला डेटा केवल संबंधित एसटीपी परिसर तक ही सीमित रहता था.



## देपालपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

**देपालपुर।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी राज्यों में भाजपा की सरकार बनने की खुशी में देपालपुर नगर में भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार उत्साह के साथ विजय उत्सव मनाया। देपालपुर विधायक मनोज पटेल के नेतृत्व में नगर के चमन चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशियां जाहिर कीं और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। चमन चौराहे पर बड़ी संख्या में जुटे कार्यकताओं ने पार्टी के समर्थन में नारे लगाए और जीत की खुशी साझा की। कार्यक्रम में भाजपा नगराध्यक्ष गोपाल कटेसरिया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू यादव, सांसद प्रतिनिधि अजय आहूजा, पार्षदगण रवि चौरसिया, मोहरसिंह नागर, सोमिल माली सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा की 3 राज्यों में ऐतिहासिक जीत पर बुरहानपुर में आतिशबाजी कर मनाया जश्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में से 3 राज्यों में भाजपा की विजय से उत्साहित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कमल तिराहे पर जमा होकर जमकर आतिशबाजी करते हुए जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा ध्वज लहराते हुए सिंदूरी गुलाल जमकर उड़ाया गया। खुशी का यह माहौल कमल तिराहे पर देख आमजन भी इस विजय उत्सव में शामिल हुआ जश्न के दौरान बैंडबाजे के साथ जुलूस निकाला गया। कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों पर जमकर थिरके। उपस्थित लोगों को झालमुड़ी खिलाकर जीत की खुशी बांटी गई।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व मंत्री, विधायक बुरहानपुर अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में असंख्य कार्यकताओं के साथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सतत प्रचार और बंगाल की बदहाली को मिटाने का जो वादा बंगाल की जनता से किया उसका परिणाम है कि आज बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत संभव हुई। उन्होंने कहा कि बंगाल में अराजकता, गुंडाराज, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया था। यह विजय अब बंगाल में सुशासन और कानून का राज स्थापित करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने 3 राज्यों में भाजपा की जीत को वहां के मतदाताओं का भाजपा के प्रति विश्वास की जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकताओं को बंगाल में जान से मारा गया। अत्याचार किए गए। यह अत्याचार वहां की जनता ने भी सहा है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, महापौर माधुरी अतुल पटेल, महामंत्री चितामन महाजन, ईश्वर चौहान, उपस्थित थे।

# नेहरू स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर

- नेपानगर के नेहरू स्टेडियम पर खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में संस्था निर्भय नेपा सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। खेल अधिकारी सीएसपी गौरव पाटिल के निर्देशन में प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को समस्त खेलों की बारीकियां बताई जा रही हैं। जिससे खिलाड़ी बारीकियां सीखकर खेल प्रतियोगिता के लिए तैयार होकर अपने शारीरिक विकास की ओर अग्रसर हो सकें। संस्था अध्यक्ष शहजाद अली ने बताया कि 1 मई से प्रारंभ हुए खेल शिविर में योगा, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन और क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर सुबह 5.30० बजे से शुरू होता है जिसमें योगा सभी वर्ग के लिए रखा गया है। उसके पश्चात नन्हे खिलाड़ी अपने-अपने खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। प्रशिक्षकों द्वारा खेल के साथ-साथ खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना, टीम के प्रति सजग रहना एवं आत्मविश्वास और अनुशासन के गुण भी बताए जा रहे हैं।

इस दौरान प्रशिक्षक दुष्यंत सिंह पंवार, राजेंद्र मसाने, चिराग चौधरी, अविनाश तायड़े, पुनीत पाटिल, अमर कैथवास सहित डेनिस क्रिकेट क्लब के डेनिश स्वामी द्वारा लेदर बॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## गणपति मंदिर के पट अधिक मास की पहली चतुर्थी पर मंगलवार को खुले



**सनावद।** नगर की सीमा पर स्थापित माह में एक बार खुलने वाले उच्छिष्ट गणपति मंदिर के पट अधिक मास की पहली चतुर्थी पर मंगलवार को खुले। जहां रात १० बजे तक श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं ने गुड पान एवं लड्डू खाकर दर्शन किए। मंदिर के आचार्य पंडित संदीप बर्वे ने बताया कि कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन भगवान गणेश के मंदिर के पट खुलते है। जहां सुबह 9 बजे 108 औषधीय से अभिषेक दोपहर में दुर्वा एवं लड्डू से हवन शाम 7.30 बजे आरती संपन्न हुई। आरती के बाद श्रद्धालुओं को भगवान गणेश के विग्रह का आशीर्वाद दिया गया। पंडित बर्वे ने बताया कि क्षेत्र में एक मात्र ऐसा मंदिर है। जो माह में एक बार खुलने के साथ ही यहां पर गुड पान या लड्डू से मुंह झूठा करने के बाद दर्शन करने की परंपरा है। जिसका श्रद्धालु पालन करते हैं। इस चतुर्थी पर पूजन के अजमान राकेश पाटीदार लिंगवा ने परिवार सहित पूजन विधि संपन्न करवाई। रात 10 बजे तक श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला चलता रहा। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा की गई थी। इस दौरान मंदिर समिति के सेवादार व्यवस्था बनाते हुए नजर आए। पंडित आनंद कानूनगो ने बताया कि अधिक मास की चतुर्थी होने से नगर एवं आसपास के श्रद्धालुओं सहित अन्य जिले से भी दर्शन के लिए श्रद्धालु आए थे।

## मुख्यमंत्री का बुरहानपुर दौराः अर्चना चिटनिस ने तैयारियों का किया निरीक्षण

**बुरहानपुर।** बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित बुरहानपुर आगमन को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने कलेक्टर हर्षसिंह एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल एवं व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, पेयजल, विद्युत एवं साफ-सफाई सहित सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई। अर्चना चिटनिस ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में आने वाले उद्योगपतियों, व्यापारियों, प्रबुद्धजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान उद्योग संवाद, इंडस्ट्रियल मीट एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनके माध्यम से क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा, उद्योगों को नई दिशा तथा स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।ज्ञात हो कि बुरहानपुर एवं निमाड़ क्षेत्र के समग्र विकास और औद्योगिक संभावनाओं को नई दिशा देने हेतु विधायक अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री से भेंट कर बुरहानपुर में निमाड़ रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित करने का आग्रह किया था, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए इसकी घोषणा की थी।

# खरगोन पुलिस ने अवैध गौवंश तस्करी के विरुद्ध की कार्यवाही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद



पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग तथा उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के आदेशानुसार अवैध गौवंश तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्री शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है । इसी तारतम्य में थाना सनावद पर अवैध गौवंश तस्करी के विरूद्व कार्यवाही की गई है ।दिनांक 4 मई को थाना प्रभारी धर्मेन्द्र यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, निमार्णाधीन ब्रिज के नीचे खरगोन रोड तरफ से एक पिकअप वाहन गुजरने वाला है जिसमें क्रूरतापूर्वक अवैध गौवंश का परिवहन किया जा रहा है ।मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया एवं प्राप्त सूचना से टीम को अवगत करवा कर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने हेतु रवाना किया गया । पुलिस टीम के द्वारा निमार्णाधीन ब्रिज के नीचे खरगोन रोड पर नाकाबंदी की गई व रास्ते से गुजरने वाले वाहनों पर नजर रखी गई, थोड़ी देर बाद टीम को मुखबिर के बताए अनुसार पिकअप वाहन आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रोका । रोके गए पिकअप वाहन में बैठे व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम दशरिया नासरिया का होना बताया ।

## पिकअप व मोटरसाइकिल की भिड़ंत बाइक सवार की मौत

**नीमच ।** जिले के मनासा मार्ग स्थित कुकड़ेश्वर-घोटा पिपलिया मार्ग पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। लोडिंग पिकअप और मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कुकड़ेश्वर निवासी रतन पिता रामचंद्र कुशवाह (45 वर्ष) के रूप में हुई है।



# पूजा हेगड़े ने की थी विजय की जीत की भविष्यवाणी

**विजय के सामने व्हाइट बोर्ड पर बताया था कौन जीतेगा चुनाव, बोलीं- सच हो गया सपना**

थलापति विजय इन दिनों तमिलनाडु चुनाव में अपनी बड़ी जीत को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने सोशल मीडिया पर एक पुराना वीडियो शेयर किया है। फिल्म 'जन नायकन' की शूटिंग के दौरान पूजा ने विजय की जीत की भविष्यवाणी की थी, जो अब सच साबित हो गई है। यह वीडियो फिल्म 'जन नायकन' के सेट का है। वीडियो में एक व्हाइटबोर्ड दिख रहा है, जिस पर लिखा है चुनाव कौन जीतेगा। पूजा हेगड़े पहले बोर्ड पर लिखा यह सवाल दिखाती हैं और फिर धीरे से कैमरा पीछे खड़े विजय की ओर घुमा देती हैं। कैमरा देखते ही विजय शर्मा जाते हैं और हंसते हुए अपना चेहरा छिपा लेते हैं।

4 मई को आए चुनाव नतीजों में पहली बार चुनाव लड़ने वाली विजय की पार्टी टीवीके ने 108 सीटें जीती हैं। बहुमत के लिए 118 सीटें चाहिए। टीवीके को सरकार बनाने के लिए 10 सीटों की जरूरत है।

पूजा ने लिखा- 'होने से पहले ही कह दिया था' इस पुराने वीडियो को शेयर करते हुए पूजा ने कैप्शन में लिखा, शायद मैंने इसके होने से पहले ही यह कह दिया था? सपनों के हकीकत में बदलने के लिए बधाई, विजय सर। पूजा के इस पॉजिटिव मैसेज की लोग काफी तारीफ कर रहे हैं। फैंस का कहना है कि दोनों के बीच की केमिस्ट्री ऑन-स्क्रीन के साथ-साथ ऑफ-स्क्रीन भी काफी शानदार है।

'बीस्ट' के बाद फिर जमी जोड़ी पूजा हेगड़े और थलपति विजय इससे पहले फिल्म 'बीस्ट' में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म 'जन नायकन' उनकी साथ में दूसरी बड़ी फिल्म है। सोशल मीडिया पर फैंस इस थ्रोबैक वीडियो को विजय के नए सफर से जोड़कर देख रहे हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड स्टार्स दे रहे बधाई विजय की इस नई पारी और सफलता पर फिल्म इंडस्ट्री के कई दिग्गज उन्हें बधाई दे रहे हैं।

# मेट गाला-2026 : ईशा अंबानी ने पहना 1800 हीरे जड़ा ब्लाउज

**डेब्यू में करण जौहर ने राजा रवि वर्मा की पेंटिंग से प्रेरित आउटफिट पहना**

सोमवार यानी 4 मई को न्यूयॉर्क के म्यूजियम में मेट गाला का आयोजन हुआ है, जहां कई बड़ी देश-विदेश की हस्तियों ने रेड कार्पेट पर फैशन को नई परिभाषा दी। इस साल मेट गाला की थीम कॉस्ट्यूम आर्ट रखी गई है, जहां आने वाले सभी मेहमानों के लिए ड्रेस कोड फैशन इज आर्ट है।


एक नजर मेट गाला 2026 के रेड कार्पेट से सेलेब्स के लुक पर- करण जौहर ने राजा रवि वर्मा की पेंटिंग से इंस्पायर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया हुआ आउटफिट पहना।

**ईशा अंबानी ने पहना हीरो से जड़ा ब्लाउज-** ईशा अंबानी डिजाइनर गौरव गुप्ता की कस्टम साड़ी में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। उनके जूलरी इंटीग्रेटेड ब्लाउज में मां नीता अंबानी के जूलरी कलेक्शन के ग्रीन एमराल्ड को भी शामिल किया गया है। इस पर 1800 कैरेट से अधिक हीरे जड़े हुए हैं, जिनके साथ पन्ना, पोल्की और कुंदन भी शामिल है। इसे 1200 घंटों में 50 आर्टिस्ट ने मिलकर बनाया है।


मनीष मल्होत्रा नें बंद गला सूट के साथ स्कल्पचर थीम केप पहनी है।

हॉलीवुड से सेलेब्स के ये लुक भी देखिए-





एना हैथवे ने पीजन पेंट वाली लॉन्ग गाउन पहनी थी।



कैंडल जेनर ने मेट गाला में वेट ड्रेस पहनी।



अनन्या बिड़ला सिल्वर बर्तनों से बना फेस मास्क पहनकर रेड कार्पेट पर पहुंचीं।



मनीष मल्होत्रा नें बंद गला सूट के साथ स्कल्पचर थीम केप पहनी है।





पॉप सिंगर रिहाना ने जूलरी इंटीग्रेटेड ड्रेस पहनी। उन्होंने लुक को हैवी हेयर एसेसरीज के साथ कंप्लीट किया।



किम कर्दाशियन ऑरेंज मेटेलिक ड्रेस में पहुंचीं।



# शाहरुख-दीपिका बीच पर रोमांटिक डांस करते दिखे

**साउथ अफ्रीका में फिल्म किंग की शूटिंग जारी, अकेले शूट करते दिखे शाहरुख**

शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की जोड़ी अपनी अगली फिल्म किंग की शूटिंग के लिए साउथ अफ्रीका में हैं। केप टाउन के एक बीच से शाहरुख और दीपिका का एक डांस सीक्वेंस शूट करते हुए वीडियो सामने आया है। वीडियो में दोनों सनसेट के समय समुद्र किनारे रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं।

वीडियो में शाहरुख और दीपिका हल्के रंग के ब्रीजी आउटफिट्स पहने हुए हैं। वे एक-दूसरे की तरफ बढ़ते हुए अपनी कोरियोग्राफी पूरी कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों ने इस डांस स्टेप को परफेक्ट बनाने के लिए दो-तीन बार टेक लिए।

हालांकि बीच का वह हिस्सा आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था, लेकिन फिर भी वहां शाहरुख को देखने के लिए भीड़ मौजूद रही।

एड शीरन के गाने पर डांस की चर्चा शाहरुख और दीपिका पिछले हफ्ते ही शूटिंग शुरू करने के लिए साउथ अफ्रीका पहुंचे थे। उन्होंने इस शेड्यूल की शुरूआत एक गाने की शूटिंग के साथ की है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक यह गाना इंटरनेशनल सिंगर एड शीरन का हो सकता है। शाहरुख को वहां अकेले कार चलाते हुए भी एक सीन शूट करते देखा गया है। बताया जा रहा है कि फिल्म का एक बड़ा क्लाइमैक्स हिस्सा भी केप टाउन में ही शूट किया जाना है।

बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड से मुकाबला फिल्म किंग 24 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह साल 2026 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। इसकी रिलीज के ठीक एक हफ्ते पहले हॉलीवुड की बड़ी फिल्में एवेंजर्सः डूम्सडे और ड्यूनः पार्ट थ्री रिलीज हो रही हैं।

साथ ही जुमांजी 3 भी इसी दौरान आने वाली है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर एक बहुत बड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

**एक्टर ने 'पति पत्नी और वो दो' मूवी पर दी सफाई, कहा- यह साफ-सुथरी पारिवारिक फिल्म**

# आयुष्मान की फिल्म पर लगे चीटिंग दिखाने के आरोप

आयुष्मान खुराना की अपकमिंग फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' का ट्रेलर रिलीज होते ही विवादों में आ गया है। सोशल मीडिया पर फिल्म पर शादी में धोखाधड़ी को बढ़ावा देने और इसे मजेदार तरीके से दिखाने के आरोप लग रहे हैं।

हालांकि, अब ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह ने इन आरोपों का जवाब दिया है। एक्टर का दावा है कि फिल्म में उनका किरदार 'ग्रीन फ्लैग' है और यह किसी भी तरह की बेवफाई या धोखा देने को प्रमोट नहीं करती है।





शादी में धोखे को बढ़ावा देने का आरोप फिल्म का टीजर आने के बाद से ही कुछ लोग इस पर सवाल उठा रहे थे। आलोचकों का कहना है कि फिल्म में एक शादीशुदा आदमी का दूसरी औरतों के साथ अफेयर दिखाना समाज में गलत मैसेज दे सकता है। आरोप है कि ऐसी कहानियों से लोग शादी में पार्टनर को धोखा देने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। इसे 'चीटिंग' को ग्लोरिफाई करने वाली फिल्म बताया जा रहा था।

आयुष्मान बोले- मेरा मॉरल कंपास सही इन आरोपों को खारिज करते हुए आयुष्मान खुराना ने ट्रेलर लॉन्च पर अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा, ₹यह फिल्म चार किरदारों की उलझनों के बारे में है। मेरा जो रोल है यानी प्रजापति पांडे, वो पूरी तरह से एक 'ग्रीन फ्लैग' किरदार है।

उसका मॉरल कंपास बिल्कुल सही है। हम किसी भी तरह की धोखाधड़ी को बढ़ावा नहीं दे रहे क्योंकि यह एक साफ-सुथरी पारिवारिक फिल्म है। यह सिर्फ एक कॉमेडी ऑफ एरर्स है, जिसमें प्रजापति का किसी के साथ कोई अफेयर नहीं है।

रकुल बोलीं- यह सिर्फ कॉमेडी है एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने भी आयुष्मान की बात का समर्थन किया। उन्होंने कहा, यह फिल्म गलतफहमियों पर आधारित है। ऐसी सिचुएशन किसी के साथ भी हो सकती है। लोग इससे जरूर रिलेट करेंगे। इसे विवाद के नजरिए से देखने के बजाय मनोरंजन के तौर पर देखा जाना चाहिए। रकुल का मानना है कि फिल्म में कुछ भी ऐसा नहीं है जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे।

**तीन एक्ट्रेसेस के बीच फंसे आयुष्मान-** टीजर में आयुष्मान खुराना 'प्रजापति पांडे' के किरदार में नजर आ रहे हैं। इस बार उनकी लाइफ में कन्फ्यूजन का लेवल काफी ज्यादा है। आयुष्मान एक या दो नहीं, बल्कि तीन महिलाओं के बीच फंसे हुए हैं। फिल्म में सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में हैं। टीजर में विजय राज एक पुलिस वाले के रोल में दिख रहे हैं, जो कॉमेडी को और बढ़ा रहे हैं। यह फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया

# राहुल का कैच लेने के बाद गायकवाड ने बॉल चूमी

### अकील हुसैन का मास्क सेलिब्रेशन, नूर से कैच ड्रॉप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया। इस मैच की शुरूआत और अंत चौके के साथ हुआ। अरुण जेटली मैदान पर मैच की पहली बॉल पर पाथुम निसांका ने स्वीप करके चौका लगाया। तो कार्तिक शर्मा ने टी नटराजन की बॉल पर चौका लगाकर जीत दिलाई। चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड बॉल को चूमते नजर आए। उन्होंने डायरेक्ट थ्रो पर आशुतोष शर्मा को रनआउट भी किया। दिल्ली के विकेटकीपर केएल राहुल ने उर्विल पटेल को स्टंप करके पवेलियन भेज दिया।

**निसांका ने चौके से टीम का खाता खोला–** पाथुम निसांका ने पहले ओवर की पहली बॉल पर चौका लगाकर दिल्ली का खाता खोला। उन्होंने अकील हुसैन की फुलर लेंथ बॉल पर घुटने के बल बैठकर शानदार स्वीप खेलते हुए गेंद को डाइव लगाते फील्डर के पास से बैकवर्ड स्क्वेयर लेग बाउंड्री तक पहुंचा दिया।

**राहुल का कैच लेने के बाद ऋतुराज ने बॉल को चूमा–** छठे ओवर की पहली बॉल पर ऋतुराज गायकवाड ने अकिल हुसैन की बॉल पर केएल राहुल का कैच पकड़ा। उन्होंने कैच लेने के बाद बॉल को चूम लिया। दूसरी ओर गेंदबाज हुसैन ने राहुल के विकेट पर मास्क सेलिब्रेशन किया। ऑफ स्टंप के बाहर फ्लाइटेड गेंद पर राहुल आगे बढ़कर कवर के ऊपर शॉट खेलने गए। लेकिन, गेंद पिच पर रुक गई और टाइमिंग बिगड़ गई। गेंद हवा में चली गई, जहां रुतुराज गायकवाड़ ने आसान कैच लपक लिया। राहुल 12 रन बनाकर आउट हुए।

**राणा का चौका, नूर ने अगली बॉल आउट किया–** 10वें ओवर की दूसरी बॉल पर नीतीश राणा ने नूर अहमद की बॉल पर चौका लगाया। अगली बॉल पर नूर ने राणा को कार्तिक शर्मा के हाथों कैच कराया और पवेलियन भेज दिया। शॉर्ट गेंद पर राणा घुटने के बल बैठकर स्वीप खेलने गए। लेकिन शॉट हवा में चला गया और डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर कार्तिक शर्मा ने आसान कैच पकड़ लिया। राणा ने निराश होकर बल्ला हवा में उछाला और पवेलियन की ओर लौट पड़े। दूसरी ओर नूर अहमद, कार्तिक शर्मा सहित चेन्नई के खिलाड़ी जश्न मनाने लग गए।

**नूर अहमद से स्टब्स का कैच छूटा–** 11वें ओवर की पहली बॉल पर नूर अहमद से ट्रिस्टन स्टब्स का कैच ड्रॉप हो गया। गुरजपनीत सिंह की बॉल पर स्टब्स ने कवर में शॉर्ट खेला। नूर ने अपने दाईं ओर डाइव लगाई, लेकिन गेंद हाथ में नहीं टिक सकी। स्टब्स ने अप के साथ जोरदार ड्राइव खेला था, जो सीधे फील्डर के पास गया। आसान मौका होने के बावजूद कैच छूट गया और स्टब्स को जीवनदान मिल गया।

**19वें ओवर में रिजवी को जीवनदान–** ओवर्टन-गायकवाड से कैच छूटा 19वें ओवर में समीर रिजवी को जीवनदान मिला। जैमी ओवर्टन की फुल लेंथ गेंद पर रिजवी ने फ्लिक करने की कोशिश की, लेकिन बैट का टॉप एज लग गया। गेंद हवा में काफी ऊंची गई और बॉलर व मिड-ऑन के बीच गिर रही थी। ओवर्टन और रुतुराज गायकवाड़ दोनों ही कैच के लिए आए, लेकिन आपसी कन्फ्यूजन में कोई भी कैच नहीं ले पाया।

**गायकवाड के डायरेक्ट थ्रो पर आशुतोष रनआउट–** 20वें ओवर में ऋतुराज गायकवाड के डायरेक्ट थ्रो पर आशुतोष शर्मा रनआउट हो गए। गेंद पिच पर लगकर उछली, जिस पर गेंदआज अंशुल कम्बोज ने हल्का-सा हाथ लगाया। गेंद गायकवाड़ के पास गई, जिन्होंने मिड-ऑन से सीधे बॉलर एंड पर डायरेक्ट हिट कर दिया। रिस्की रन लेने की कोशिश में आशुतोष क्रीज से बाहर रह गए और रन आउट हो गए।

**आशुतोष से उर्विल का कैच छूटा, अगली दो बॉल पर सिक्स–** चेन्नई की पारी के छठे ओवर में आशुतोष शर्मा ने उर्विल पटेल का कैच ड्रॉप कर दिया। उर्विल ने गेंद को काफी ऊंचा मारा, लेकिन दूरी नहीं मिल पाई। डीप मिडविकेट से आशुतोष बाईं ओर भागते हुए लॉन्ग-ऑन की तरफ आए और डाइव भी लगाई। वे कैच तक नहीं पहुंच सके।

जीवनदान मिलने के बाद उर्विल पटेल ने एनगिडी की अगली बॉल पर बॉल लगातार दो छक्के लगा दिए। जब कैच छूटा, तब उर्विल 5 रन खेल रहे थे।

**केएल राहुल ने उर्विल को स्टंप किया–** 7वें ओवर की तीसरी बॉल पर विकेटकीपर केएल राहुल ने अक्षर पटेल की बॉल पर उर्विल पटेल को स्टंप कर दिया। उर्विल जल्दी आगे निकल गए, जिसे भांपकर अक्षर ने लेंथ छोटी रखी और गेंद तेजी से टर्न कराई। गेंद बैट के बाहरी किनारे को बीट कर गई। उर्विल का पैर क्रीज से बाहर था और हवा में था, तभी राहुल ने फुर्ती दिखाकर तुरंत बेल्स गिरा दीं।

## आईपीएल में आज पंजाब-हैदराबाद

# सनराइजर्स के पास नंबर-1 बनने का मौका, किंग्स ने पिछले दोनों मैच हारे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

आईपीएल 2026 के 49वें मुकाबले में 6 मई को पंजाब किंग्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। लगातार 6 मैच जीतकर अजेय नजर आ रही पंजाब टीम पिछले दो मुकाबलों में हारकर दबाव में है। वहीं, पैट कमिंस की कप्तानी वाली हैदराबाद टीम अपने घर में पंजाब की कमजोरियों का फायदा उठाकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंचना चाहेगी।

दोनों टीमों ने आईपीएल में 25 बार एक-दूसरे का सामना किया है। सनराइजर्स हैदराबाद का पलड़ा भारी रहा है। एसआरएच ने 17 मैच जीते हैं, जबकि पंजाब ने 8 जीते हैं। इस सीजन यह दोनों के बीच दूसरा मुकाबला है। पहले मैच में पंजाब ने अपने होम ग्राउंड पर हैदराबाद को 6 विकेट से हराया था। पिछले सीजन में दोनों के बीच एक मुकाबला हुआ था, जिसे हैदराबाद ने जीता था।

सनराइजर्स हैदराबाद को पिछले मुकाबले में कोलकाता के खिलाफ हार झेलनी पड़ी, जिससे उनकी 5 मैचों की जीत का सिलसिला टूट गया। हालांकि, ट्रेविस हेड की शानदार फॉर्म टीम के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने लगातार दो मैचों में अर्धशतक जड़े हैं।

अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासन भी लगातार रन बना रहे हैं। अभिषेक शर्मा इस सीजन में हैदराबाद के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 206.57 की स्ट्राइक रेट से 440 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में टीम संतुलित नजर आ रही है। ईशान मलिंगा डेथ ओवर्स में सटीक यॉर्कर डालकर बल्लेबाजों को परेशान कर रहे हैं, जबकि प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन ने भी अंत के ओवरों में अच्छी पकड़ बनाई है।













## किरण मजूमदार-शॉ ने

# भतीजी क्लेयर मजूमदार को चुना अपना उत्तराधिकारी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बायोकॉन की चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने अपनी 37 वर्षीय भतीजी क्लेयर मजूमदार को आधिकारिक तौर पर अपना उत्तराधिकारी चुना है। जानिए कौन हैं बायोटेक विशेषज्ञ क्लेयर मजूमदार और क्या है कंपनी की आगे की रणनीति। भारत की प्रमुख बायोफार्मास्युटिकल कंपनी बायोकॉन में नेतृत्व के एक बड़े बदलाव की नींव रख दी गई है। कंपनी की संस्थापक और चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने अपने उत्तराधिकार योजना की घोषणा करते हुए अपनी 37 वर्षीय भतीजी क्लेयर मजूमदार को अपना उत्तराधिकारी चुना है। लगभग चार दशकों में बायोकॉन को वैश्विक स्तर पर एक बड़ा ब्रांड बनाने वाली 73 वर्षीय मजूमदार-शॉ का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी का भविष्य सक्षम और सुरक्षित हाथों में रहे।

**क्रमिक होगा नेतृत्व का यह बदलाव-** किरण मजूमदार-शॉ बायोकॉन की एकमात्र मालिक हैं और उनकी अपनी कोई संतान नहीं है। 'फॉर्च्यून इंडिया' के साथ बातचीत में उन्होंने कहा, मैं बायोकॉन की एकमात्र मालिक हूं, और मुझे यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि मैं इसे अच्छे हाथों में सौंपूं... मैंने अपनी भतीजी क्लेयर को अपने उत्तराधिकारी के रूप में देखा है, क्योंकि मुझे लगता है कि उसने साबित कर दिया है कि वह एक कंपनी चला सकती है। हालांकि, यह बदलाव रातोरात नहीं होगा। मजूमदार-शॉ ने सोशल मीडिया पर साफ किया है कि वह फिलहाल रिटायर नहीं हो रही हैं। यह एक क्रमिक प्रक्रिया होगी, जिसमें किरण अपनी भूमिका में बनी रहेंगी और क्लेयर धीरे-धीरे कंपनी की अधिक जिम्मेदारियां अपने कंधों पर लेंगी।

## सरकार ने वोडा-आइडिया का एजीआर घटाया

# पावरग्रिड को एसबीआई से 4000 करोड़ का फंड

### निदेशक मंडल ने दी अनसिक्योर्ड लोन को मंजूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के ऊर्जा क्षेत्र से एक बड़ी कॉर्पोरेट खबर सामने आ रही है। देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक पावर ट्रांसमिशन यूटिलिटी कंपनी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने धन जुटाने के लिए एक अहम वित्तीय फैसला लिया है। कंपनी के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से 4,000 करोड़ रुपये तक की धनराशि जुटाने के प्रस्ताव को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है।

**शेयर बाजार को दी गई जानकारी-** नई दिल्ली से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरकारी स्वामित्व वाली इस दिग्गज कंपनी ने गुरुवार को इस संबंध में एक अहम घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई अपनी आधिकारिक फाइलिंग में सूचित किया है कि निदेशक मंडल की बैठक में भारतीय स्टेट बैंक से फंड जुटाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया, जिसके बाद इसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान कर दी गई।

**एफडीआई का नया रिकॉर्ड, वित्त वर्ष 2025-26 में 90 अरब डॉलर के पार पहुंचने की उम्मीद-** भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और सरकार की अनुकूल नीतियों के दम पर देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) एक नए ऐतिहासिक स्तर की ओर बढ़ रहा है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने गुरुवार को नई दिल्ली में एक अहम जानकारी साझा करते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल एफडीआई 90 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी के बीच ही एफडीआई का प्रवाह 88 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है, जो वैश्विक निवेशकों के भारतीय बाजार पर बढ़ते भरोसे को स्पष्ट रूप से दशार्ता है। सरकार द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए हाल के समय में लगातार कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। सचिव ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि देश में लागू किए गए बड़े नीतिगत सुधारों, विभिन्न देशों के साथ हो रहे मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और भारत की तेज आर्थिक विकास दर ने मिलकर एक मजबूत और सुरक्षित निवेश का माहौल तैयार किया है। इन तमाम सकारात्मक कारकों और पहलों की मदद से स्वस्थ निवेश आकर्षित करने में काफी मदद मिल रही है, जिससे पूरे वित्त वर्ष की समाप्ति तक 90 अरब डॉलर के बड़े मील के पत्थर को हासिल करने का लक्ष्य अब पूरी तरह से संभव नजर आ रहा है।

**सरकार ने वोडाफोन आइडिया का एजीआर बकाया लगभग 27 प्रतिशत घटाकर 64,046 करोड़ रुपये किया-** कंपनी द्वारा गुरुवार को जारी एक फाइलिंग के अनुसार, वैधानिक बकाया के पुनर्मूल्यांकन के बाद सरकार ने कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया की समायोजित सकल राजस्व देनदारी में लगभग 27 प्रतिशत की कटौती कर इसे 64,046 करोड़ रुपये कर दिया है। दूरसंचार विभाग ने 31 दिसंबर, 2025 तक एजीआर बकाया को 87,695 करोड़ रुपये पर स्थिर कर दिया है और कहा है कि उक्त राशि डोट द्वारा पुनर्मूल्यांकन और एजीआर बकाया के पुनर्मूल्यांकन के लिए डोट द्वारा गठित की जाने वाली एक समिति द्वारा अंतिम अनुमोदन के अधीन है।



### कतर और बहरीन के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू की

- पश्चिम एशिया संघर्ष से प्रभावित एयर इंडिया एक्सप्रेस ने गुरुवार को कतर और बहरीन के लिए उड़ानें फिर से शुरू कर दीं, साथ ही संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और सऊदी अरब के लिए अतिरिक्त सेवाएं भी शुरू कीं। पश्चिम एशिया में हुए संघर्ष के परिणामस्वरूप हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लग गए हैं, जिससे एयर इंडिया एक्सप्रेस सहित कई एयरलाइनों के संचालन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, जिनके लिए पश्चिम एशिया एक प्रमुख बाजार है।
- एक अधिकारी ने बताया कि एयरलाइन पश्चिम एशिया के विभिन्न शहरों के लिए निर्धारित उड़ानें फिर से शुरू कर रही है, लेकिन सेवाओं की संख्या में कटौती की गई है। गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में, एयरलाइन ने कहा कि उसने दोहा (कतर) और बहरीन के लिए परिचालन फिर से शुरू कर दिया है और संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और सऊदी अरब के शहरों के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी।
- एयरलाइन अल ऐन, अबू धाबी, दुबई, रस अल खैमाह, शारजाह (संयुक्त अरब अमीरात), जेद्दा, रियाद (सऊदी अरब) और मस्कट (ओमान) के लिए अपनी उड़ानें जारी रखेगी, साथ ही भारत को खाड़ी क्षेत्र से जोड़ने वाले स्थापित मार्गों को भी बहाल किया जाएगा। यह एयरलाइन प्रतिदिन 500 से अधिक उड़ानें संचालित करती है जो दक्षिण, दक्षिणपूर्व और पश्चिम एशिया में 45 घरेलू और 17 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ती हैं।

दाखिल किए गए पत्र में कहा गया है, हम अब यह प्रस्तुत करना चाहते हैं कि परिवहन विभाग ने अपने दिनांक 30 अप्रैल 2026 के पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि इस उद्देश्य के लिए गठित समिति ने 31 दिसंबर 2025 तक एजीआर बकाया राशि को 64,046 करोड़ रुपये पर अंतिम रूप दे दिया है, कंपनी को दस वर्षों की अवधि में दो चरणों में अंतिम बकाया राशि का भुगतान करना होगा। दाखिल किए गए दस्तावेज के अनुसार, कंपनी को वित्त वर्ष 2031-32 से वित्त वर्ष 2034-35 तक चार वर्षों में न्यूनतम 100 करोड़ रुपये का वार्षिक भुगतान करना होगा और शेष राशि का भुगतान वित्त वर्ष 2035-36 से वित्त वर्ष 2040-41 तक छह समान किस्तों में वार्षिक रूप से करना होगा।

**इंफोसिस ने नितिन परंजपे को उपाध्यक्ष नियुक्त किया-** आईटी कंपनी इंफोसिस ने एचयूएल के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नितिन परंजपे को तत्काल प्रभाव से अपने बोर्ड का गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष नियुक्त किया है, कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। परंजपे हेनेकेन एनवी के गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष भी हैं। कंपनी ने बयान में कहा, निदेशक मंडल ने नितिन परंजपे को तत्काल प्रभाव से बोर्ड के गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। इंफोसिस ने कहा कि परंजपे के पास व्यापक अनुभव है, जिसमें हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष और हेनेकेन एनवी के गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल शामिल है। हमें नितिन को इस पद पर पाकर बेहद खुशी है। उनकी विशेषज्ञता ने बोर्ड पर पहले ही महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है, और हम इस विस्तारित भूमिका में उनके निरंतर नेतृत्व की आशा करते हैं। इंफोसिस के बोर्ड के अध्यक्ष नंदन नीलेकानी ने कहा, जब तक आवश्यक होगा मैं बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में बना रहूंगा और अध्यक्ष पद में बदलाव की कोई योजना नहीं है। बयान में कहा गया है कि उपाध्यक्ष के रूप में, परंजपे बोर्ड और रणनीतिक एजेंडा के मार्गदर्शन में अध्यक्ष का समर्थन करेंगे।

**वोडा आइडिया को राहत, एजीआर बकाया देनदारी में 27 फीसदी कटौती-** सरकार ने कर्ज में फंसी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को राहत देते हुए उसके समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाये में करीब 27 फीसदी की कटौती कर दी है।?इससे उसकी देनदारी कम होकर 64,046 करोड़ रुपये रह गई है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, दूरसंचार विभाग ने 30 अप्रैल, 2026 को सूचित किया है कि इस उद्देश्य के लिए गठित समिति ने 31 दिसंबर, 2025 तक एजीआर बकाये को 64,046 करोड़ रुपये पर अंतिम रूप दे दिया है। इससे पहले दूरसंचार विभाग ने 31 दिसंबर, 2025 तक एजीआर देनदारी 87,695 करोड़ रुपये तय की थी। हालांकि, इस देनदारी को बाद में पुनर्मूल्यांकन के अधीन रखा गया था। नियामकीय सूचना के मुताबिक, वोडाफोन आइडिया को अंतिम बकाया राशि कुल 10 वर्षों की अवधि में दो चरणों में चुकानी होगी।

## लोन प्री-पेमेंट पर क्या हैं आरबीआई के नियम?

# बैंक कब नहीं वसूल सकते आपसे जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अक्सर लोग अपना लोन जल्दी खत्म करना चाहते हैं, ताकि ब्याज का बोझ कम हो सके। लेकिन बैंक 'प्रीपेमेंट पेनाल्टी' का डर दिखाकर ग्राहकों को रोकते हैं। आरबीआई के नियम यहां आपकी मदद करते हैं।

लोन लेना आपकी जरूरत हो सकती है, लेकिन उसे समय से पहले चुकाना आपकी समझदारी है और आरबीआई यह सुनिश्चित करता है कि बैंक आपकी इस समझदारी पर अनुचित लगाम न लगाएं।

### प्री-पेमेंट चार्ज क्या है?

प्री-पेमेंट चार्ज, जिसे फोरक्लोजर चार्ज भी कहते हैं, वह शुल्क है, जो बैंकों या एनबीएफसी की ओर से तब लगाया जाता है, जब कोई कर्जदार ऋण की तय अवधि समाप्त होने से पहले आंशिक या पूर्ण रूप से ऋण का भुगतान कर देता है। अगर कोई कर्जदार कर्ज को जल्दी चुका देता है,



तो बैंकों को भविष्य में होने वाली ब्याज आय का नुकसान होता है। इसकी भरपाई के लिए बैंक प्री-पेमेंट शुल्क लेते हैं।

**फ्लोटिंग रेट लोन: पूरी तरह फ्री-** भारतीय रिजर्व बैंक के 5 जून 2012 को जारी एक सर्कुलर के अनुसार, बैंकों और एनबीएफसी को व्यक्तिगत कर्जदारों को दी गई फ्लोटिंग ब्याज दर वाले होम लोन पर फोरक्लोजर शुल्क या प्री-पेमेंट पेनाल्टी वसूलने की अनुमति नहीं है। अगर आपका लोन फ्लोटिंग इंटरेस्ट रेट पर है, तो आप उसे कभी भी समय से पहले चुका सकते हैं। यह नियम उन सभी फ्लोटिंग रेट लोन्स पर लागू होता है जो व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए लिए गए हैं।

### फिक्स्ड रेट लोन: पारदर्शिता जरूरी

- बैंक आपसे प्रीपेमेंट चार्ज ले सकते हैं, लेकिन इसकी कुछ शर्तें हैं:
- फोरक्लोजर चार्ज लोन एग्रीमेंट में पहले से लिखा होना चाहिए। बैंक अपनी मर्जी से बाद में इसे नहीं बढ़ा सकते।
- शुल्क कितना होगा, यह बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए।

### आरबीआई के नए नियम

1 जनवरी, 2026 से लागू नए नियम कहते हैं, व्यक्तियों और एमएसएमई को दिए गए फ्लोटिंग रेट व्यावसायिक ऋणों पर बैंक प्री-पेमेंट शुल्क नहीं वसूल सकते। स्मॉल फाइनेंस बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और एनबीएफसी-एमएल 50 लाख रुपये तक के ऋण पर प्री-पेमेंट शुल्क नहीं लगा सकते।

लोन बंद होने की प्रक्रिया भी आसान
लोन का पूरा भुगतान होने के 30 दिनों में बैंक को आपके सभी मूल दस्तावेज (जैसे मकान की रजिस्ट्री आदि) वापस करने होंगे।

ऐसा नहीं होने पर ग्राहक को 5,000 रुपये प्रति दिन का मुआवजा।

लोन स्वीकृत करते समय ही बैंक को सभी 'हिडन चार्जेस' और शर्तों के बारे में लिखित में बताना अनिवार्य।

स्मार्ट टिप...जब भी अतिरिक्त पैसा आए, लोन का प्रीपेमेंट जरूर करें। चूंकि कोई पेनाल्टी नहीं है, इसलिए हर अतिरिक्त रुपया सीधे आपके मूलधन को कम करेगा और आपको लाखों रुपये के ब्याज से बचाएगा। लोन बंद करने के बाद बैंक से 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' लेना कभी न भूलें।

## सेबी चेयरमैन के मुताबिक

# कमोडिटी डेरिवेटिव्स में बैंकों-बीमा कंपनियों की एंट्री पर ब्रेक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सेबी चेयरमैन के मुताबिक आरबीआई और आईआरडीएआई फिलहाल बैंकों और बीमा कंपनियों को कमोडिटी डेरिवेटिव्स बाजार में शामिल करने के पक्ष में नहीं हैं। वहीं, सीकेवाईसी 2.0 पर काम जारी है और जुलाई तक इसका ढांचा तैयार होने की उम्मीद है।

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने सोमवार को कहा कि आरबीआई और भारतीय बीमा विनियामक व विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई)बैंकों और बीमा कंपनियों को कमोडिटी डेरिवेटिव्स बाजार में भागीदारी की अनुमति देने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों नियामकों के पास इस रुख के पीछे ठोस कारण हैं और फिलहाल इस सेगमेंट को लेकर वे सहज नहीं हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में आयोजित आईएमसी कैपिटल मार्केट्स कॉन्फ्रेंस के दौरान पांडे ने कहा कि खासतौर पर बीमा क्षेत्र लंबी अवधि के निवेश पर आधारित होता है, ऐसे में कमोडिटी डेरिवेटिव्स जैसे उतार-चढ़ाव वाले सेगमेंट के साथ इसका तालमेल एक बड़ी चिंता है। उन्होंने बताया कि सेबी की इस मुद्दे पर बैंकिंग और बीमा नियामकों के साथ हुई बातचीत में सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। डिजिटल और तकनीकी जोखिमों पर चिंता जताते हुए पांडे ने कहा कि एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग इंसानी नियंत्रण से कहीं तेज काम करती है और डिजिटल प्लेटफॉर्म धोखाधड़ी का माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने आगाह किया कि नई पीढ़ी के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स जहां कमजोरियों की पहचान करने में मददगार हैं, वहीं उनका बड़े पैमाने पर दुरुपयोग भी संभव है। सीकेवाईसी 2.0 पहल पर उन्होंने बताया कि यह अभी विकास के चरण में है और इसका उद्देश्य पूरे वित्तीय क्षेत्र में एकीकृत केवाईसी प्रणाली लागू करना है। इस परियोजना का नेतृत्व सेंट्रल रजिस्ट्री ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एसेट रिकंस्ट्रक्शन एंड सिक्योरिटी इंटरेस्ट (सीईआरएसएआई) कर रहा है, जिसमें विभिन्न नियामकों के सुझाव शामिल किए जा रहे हैं।

## ममता बोलीं- मैं आजाद पंछी, शेर की तरह लड़ूंगी:इस्तीफा नहीं दूंगी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- मैं उट पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी।

ममता ने आगे कहा- चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी।

इधर, कोलकाता के न्यूटाउन इलाके में एक भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि तेज आवाज में म्यूजिक बजाने पर ळटउ के एक कार्यकर्ता और उसके साथियों ने पीट-पीटकर भाजपा कार्यकर्ता की जान ले ली। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। ळटउ सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है।

मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं। मेरे इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए राजभवन नहीं जाऊंगी। वे ऑफिशियली हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक रूप से हम चुनाव जीते हैं।

चुनाव से दो दिन पहले हमारे लोगों को गिरफ्तार किया गया। जगह-जगह छापे मारे गए। क्ढर-क्धर अधिकारियों का तबादला किया गया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इसमें सीधे तौर पर शामिल हैं।

### देश में 4 लाख हॉट स्पॉट, ट्राई ने सुझाव मांगे

# पब्लिक वाई-फाई का पूरे देश में एक ही पासवर्ड होगा:अब बार-बार ओटीपी से राहत मिलेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार पीएम-वाणी की विफलता से सबक लेते हुए एक नया और उन्नत पब्लिक वाई-फाई सिस्टम लाने की तैयारी कर रही है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य यूजर अनुभव को बेहतर बनाना और डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित बनाना है।

अब यूजर्स को हर हॉटस्पॉट के लिए अलग ओटीपी की जरूरत नहीं होगी। देशभर में फैले 4 लाख हॉटस्पॉट पर एक ही ओटीपी या पासवर्ड से लॉगिन किया जा सकेगा। दूरसंचार नियामक (ट्राई) ने इसका परामर्श-पत्र जारी करके लोगों से सुझाव मंगाए हैं।

सार्वजनिक वाई-फाई को सुरक्षित बनाने के लिए वाई-फाई प्रोटेक्टेड एक्सेस 3 जैसे मानक लागू होंगे। इससे भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी सुरक्षित यूपीआई और डिजिटल पेमेंट के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कवर मिलेगा। पेपर के अनुसार, मौजूदा वाई फाई सिस्टम इसलिए नहीं चला क्योंकि यह यूजर की जरूरत नहीं बन पाया। साथ ही ऑपरेटर की कमाई नहीं बनी। इसलिए सरकार प्रस्तावित वाईफाई सिस्टम को ऑपरेटर के लिए कमाई का मॉडल बनाना चाहती है। इसके लिए विज्ञापन-आधारित मॉडल, पेड प्लान व सब्सिडी (वायबिलिटी गैप फंडिंग) जैसे विकल्प दिए जाएंगे।

शहरों में हाई-स्पीड इंटरनेट और गांवों में कम लागत वाला ह्यकम्युनिटी वाई-फाईह्ण मॉडल लागू होगा। देश की 140 करोड़ की आबादी में अभी महज 2% लोग पब्लिक वाई-फाई उपयोग करते हैं।

दक्षिण कोरिया में 80%, अमेरिका में 70%, यूरोप-चीन में 60% व इंग्लैंड में 50% आबादी पब्लिक वाई-फाई का उपयोग करती है। ट्राई द्वारा प्रस्तावित यह नया ढांचा न सिर्फ इंटरनेट की पहुंच बढ़ाएगा, बल्कि मोबाइल नेटवर्क पर बढ़ते डेटा के दबाव को भी कम करेगा।



### एडवांस पब्लिक वाई-फाई सिस्टम से जुड़ी 6 जरूरी सवाल

**क्या सेवा फ्री होगी:** यह नेटवर्क बेसिक इस्तेमाल के लिए फ्री होगा। हाई-स्पीड इंटरनेट के लिए छोटे रिचार्ज वाउचर्स से 'पेड वाई-फाई' का विकल्प होगा।

**कैसे फायदेमंद होगा:** स्टेशन/बाजार जैसे इलाकों में मोबाइल नेटवर्क पर दबाव रहता है, जिससे पेमेंट अटक जाते हैं। पब्लिक वाई-फाई इस ट्रैफिक को संभाल लेगा, जिससे इंटरनेट स्पीड बेहतर मिलेगी।

**ऑपरेटरों के लिए क्या:** नए मॉडल में कंपनियां विज्ञापन दिखाकर या डेटा एनालिटिक्स के जरिए कमाई कर सकेंगी। सरकार उन्हें आर्थिक मदद भी देगी ताकि उन्हें नुकसान न उठाना पड़े।

**डेटा एनालिटिक्स क्या रोल:** कंपनियों को पता होगा कि कहां, किस तरह के विज्ञापन दिखाने हैं और कहां लोग पैसा खर्च करके तेज इंटरनेट चाहते हैं।

**निजी-सरकारी कंपनियां क्या मिलकर काम करेंगी:** हां, भारत नेट (सरकारी) और प्राइवेट फाइबर लाइनों का साझा इस्तेमाल होगा, जिससे नेटवर्क का जाल तेजी से बिछाया जा सके।

**डिजिटल इंडिया के लिए ये क्यों जरूरी है:** मोबाइल नेटवर्क अकेले बढ़ती डेटा डिमांड नहीं संभाल सकते। शिक्षा, ऑनलाइन इलाज जैसी सेवाएं सभी तक पहुंचाने को मजबूत वाई-फाई जरूरी है।

## राजस्थान में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे आया



उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। मंगलवार को राजस्थान में तेज बारिश हुई, इसके कारण दो शहरों को छोड़कर बाकी सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा।

मध्य प्रदेश में आंधी-बारिश के 2 सिस्टम एक्टिव हैं। इस वजह से प्रदेश के 28 जिलों में आज तेज आंधी और बारिश होने का अलर्ट है। इन जिलों में 50 किमी की रफ्तार से आंधी चलेगी। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के सभी पहाड़ी जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को केदारनाथ धाम लगातार चौथे दिन बर्फबारी हुई, जिससे तापमान -7 डिग्री से नीचे चला गया। भारतीय मौसम के लिहाज से आने वाले दिन काफी उथल-पुथल भरे साबित हो सकते हैं। एक तरफ जहां अरब सागर में मानसून-पूर्व चक्रवाती तूफान के संकेत मिल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ राहत दे रही बारिश और तेज हवाओं के थमने के बाद उत्तर भारत में गर्मी का नया दौर शुरू होने जा रहा है। वर्तमान में देश के अधिकांश हिस्सों में आंधी और बारिश का दौर जारी है, लेकिन यह स्थिति 10 मई के बाद पूरी तरह बदलने वाली है। मौसम वैज्ञानिकों और ऐतिहासिक आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि 10 मई के आसपास दक्षिण-पूर्वी अरब सागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में एक चक्रवाती सिस्टम विकसित हो सकता है।

### 1 स्क्वॉड्रन में 8 लॉन्चर और हर लॉन्चर में 4 मिसाइल, एक लाख करोड़ रुपए का सौदा

# एस-400 के 5 नए स्क्वॉड्रन खरीदने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार एस-400 मिसाइलों के 5 नए स्क्वॉड्रन खरीदने की तैयारी कर रही है। इसके एक स्क्वॉड्रन में 8 लॉन्चर होते हैं और हर एक लॉन्चर में 4 मिसाइल कंटेनर होते हैं। इस हिसाब से करीब 32 बड़ी मिसाइलें मिलेंगी।

पिछले साल 7 से 10 मई के बीच चले ऑपरेशन सिंदूर में हमारे एयर डिफेंस सिस्टम की एस-400 मिसाइलों ने पाकिस्तान में 300 किलोमीटर अंदर घुसकर कहर बरपाया था, अब हमारे रक्षा बेड़े में उनकी तादाद बढ़ने जा रही है।

खरीदी की दिशा में रूस के साथ चर्चा में सकारात्मक प्रगति हुई है। वायु सेना के लिए 5 एस-400 का पहला सौदा 2018 में हुआ था। 3 सिस्टम्स मिल चुके हैं। रूस ने आश्वस्त किया है कि शेष दो सिस्टम और ऑपरेशन सिंदूर में खर्च हुई बैटरी की मिसाइलें भी अगले 6 माह में दे देंगे।

रूस के मुताबिक इसके बाद नए स्क्वॉड्रन आएंगे। इस तरह दोनों सौदे करीब एक लाख करोड़ रुपए के होंगे। डीआरडीओ एस-400 जैसी ही इंटरसेप्टर मिसाइलें बना रहा है। यह प्रोजेक्ट कुशा है। इसमें एम-1, 2 और 3 मिसाइलें बन रही हैं, जिनकी रेंज 105 से 350 किमी होगी।



### एस-400 डिफेंस सिस्टम क्या है?

एस-400 ट्रायम्फ रूस का एडवांस्ड मिसाइल सिस्टम है, जिसे 2007 में लॉन्च किया गया था। यह सिस्टम फाइटर जेट, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल, ड्रोन और स्टेल्थ विमानों तक को मार गिरा सकता है। यह हवा में कई तरह के खतरों से बचाव के लिए एक मजबूत ढाल की तरह काम करता है। दुनिया के बेहद आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम में इसकी गिनती होती है।

### एस-400 दोतरफा प्रहार करती है।

पहला: ध्वनि की गति से 3 से 14 गुना गति से 400 किमी दूर तक हमला करती है।

दूसरा: दुश्मन की तरफ से आ रही बैलिस्टिक मिसाइलों को 4.8 किमी प्रति सेकंड की गति से मार गिराती है। मैक 15 गति वाली हाइपरसोनिक मिसाइलें भी इसकी रेंज से बच नहीं पातीं।

### पहली डील 40 हजार करोड़ में हुई

पहली डील 40 हजार करोड़ में हुई थी। दूसरी पर सहमति रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान बनी थी। इनकी आपूर्ति का रोडमैप बन गया है। युद्ध के कारण रूस से डिलेवरी में देरी हो रही थी। अब भारत को आश्वस्त किया गया है कि आने वाले 6 महीने में शेष दो स्क्वैड्रन सप्लाई कर दिए जाएंगे। रिटायर्ड एयर वाइस मार्शल संजय भटनागर (स्ट्रेटेजिक प्लानिंग एवं ऑफिसिव ऑपरेशन्स) के मुताबिक वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अनुभवों का विश्लेषण करने के बाद कई कदम उठाए हैं।

## भोपाल-इंदौर मेट्रो में 7000 में प्री-वेडिंग शूट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल और इंदौर मेट्रो में अब प्री-वेडिंग शूट, फिल्म की शूटिंग और बर्थडे सेलिब्रेशन भी किए जा सकेंगे। इसके लिए लोगों को एक घंटे के 5 से 7 हजार रुपए तक खर्च करने पड़ेंगे। 15 दिन पहले बुकिंग भी करानी होगी। नियम और टाइमिंग दोनों का ध्यान रखना होगा। सेलिब्रेशन में न तो शराब ले जा सकेंगे और न ही बीड़ी-सिगरेट। पटाखे ले जाने पर भी मनाही है। मेट्रो में प्रवेश से पहले स्टेशन पर चेकिंग की जाएगी। इस सुविधा की शुरूआत 5 मई से ही कर दी गई है।

बता दें कि भोपाल में मेट्रो का उद्घाटन पिछले साल 20 दिसंबर को हुआ था। इसे 21 दिसंबर से आम लोगों के लिए खोला गया था। इससे पहले इंदौर में 31 मई 2025 से मेट्रो ट्रैक पर दौड़ने लगी थी।

शुरूआत में बड़ी संख्या में लोग मेट्रो का सफर करने पहुंचे लेकिन अब यात्री लगातार घट रहे हैं। यही कारण है कि अब मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने 'सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स' की शुरूआत की है। बर्थ-डे हो या प्री-वेडिंग, फिल्म की शूटिंग और इवेंट्स, मेट्रो अब नया डेस्टिनेशन बनेगा। महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में चल रही मेट्रो में ये सुविधा पहले से लागू है। मेट्रो के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने कहा- सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स पहल भोपाल और इंदौर की जीवंत संस्कृति, तेजी से बढ़ते शहरी परिवेश और नागरिकों की बदलती जीवनशैली को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यह पहल मेट्रो को आम जनता के और करीब लाने का एक प्रयास है। जिससे लोग अपने विशेष अवसरों को मेट्रो जैसे सुरक्षित और आधुनिक वातावरण में मना सकें।

### ट्रम्प बोले- पाकिस्तान की अपील पर फैसला लिया; 2 दिन में सिर्फ 3 जहाज गुजरे

# अमेरिका का होर्मुज से सुरक्षित जहाज निकालने का ऑपरेशन बंद


ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात अचानक ह्यप्रोजेक्ट फ्रीडमह्न रोकने का ऐलान किया। अमेरिका ने सोमवार सुबह होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए यह ऑपरेशन शुरू किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से यह ऑपरेशन रोकने की अपील की गई थी। ईरान के साथ समझौते को लेकर बात आगे बढ़ी है, इसलिए यह फैसला लिया गया है।



उधर ईरान के सरकारी मीडिया ने इसे अपनी जीत बताया। उनका कहना है कि ट्रम्प को पीछे हटना पड़ा क्योंकि वो इस रास्ते को खुलवाने में नाकाम रहे।

अमेरिका इस ऑपरेशन के तहत सोमवार को 2 और मंगलवार को सिर्फ 1 जहाज सुरक्षित निकाल पाया था। जबकि जंग से पहले हर दिन होर्मुज से औसतन 130 जहाज गुजरते थे। इससे कुछ ही घंटे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा था कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई पूरी कर ली है और अब सिर्फ प्रोजेक्ट फ्रीडम पर ध्यान है।



#### 1. होर्मुज पर UN में नया प्रस्ताव:

अमेरिका ने होर्मुज में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए वठरउ में नया प्रस्ताव पेश किया है। इसमें ईरान से हमले, माइंस बिछाना और टोल वसूली तुरंत रोकने को कहा गया है। ईरान ने वअए पर लगातार दूसरे दिन मिसाइल और ड्रोनों से हमला किया। वअए ने कहा कि उसके डिफेंस सिस्टम ने मिसाइल और ड्रोन को आसमान में ही रोक लिया। अमेरिका ने होर्मुज में प्रोजेक्ट फ्रीडम के तहत वरर जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश वॉरशिप भेजा। इसका मकसद उन जहाजों को सुरक्षित निकालना था, जो होर्मुज में फंसे हुए हैं।

#### फुजैराह हमले के बाद भारत नाराज

भारत ने कहा कि तीन भारतीय नागरिकों का घायल होना पूरी तरह अस्वीकार्य है। भारत ने सभी पक्षों से तुरंत हिंसा रोकने की अपील की है। साथ ही कहा कि आम लोगों और नागरिक ढांचे को निशाना बनाना बंद होना चाहिए। चीनी कंपनियों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए वहां की सरकार ने एक कानून बनाया है। इसके तहत विदेशी प्रतिबंधों को मानने वाली कंपनियों पर कार्रवाई की जा सकती है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान से व्यापार करने वाली कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। होर्मुज स्ट्रेट में एक मालवाहक जहाज पर हमला हुआ है। यूनाइटेड किंगडम मरीन ट्रेड ऑपरेशन्स यानी वड्टळड ने बुधवार सुबह यह जानकारी दी। हालांकि अभी पता नहीं है कि कि जहाज किस देश का था या उस पर कितने लोग सवार थे। जहाज पर किस चीज से हमला हुआ है, इसकी जानकारी भी अभी नहीं मिली है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो गुरुवार को पोप लियो से मुलाकात कर सकते हैं। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब हाल ही में पोप और ट्रम्प के बीच ईरान युद्ध को लेकर मतभेद सामने आए थे।

## अमेरिकी विमान कतर के एयरस्पेस से लापता, इमरजेंसी सिग्नल देकर रडार से गायब हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी वायुसेना का एक ड्उ-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान कतर के ऊपर इमरजेंसी सिग्नल देने के बाद लापता हो गया। ड्उ-135 स्ट्रैटोटैंकर को ह्यफ्लाइंग गैस स्टेशनह्न कहा जाता है, क्योंकि यह हवा में अन्य सैन्य विमानों को ईंधन भरने में सक्षम है।

ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, विमान ने उड़ान के दौरान 7700 इमरजेंसी सिग्नल भेजा। यह सिग्नल तब दिया जाता है जब विमान में कोई गंभीर समस्या हो। हालांकि इसमें ईरान की किसी भी भूमिका की बात नहीं कही गई। यह विमान वअए के अल धफरा एयर बेस से उड़ा था और फारस की खाड़ी के ऊपर उड़ रहा था। इसी दौरान कतर के पास उसका सिग्नल कुछ समय के लिए गायब हो गया। फ्लाइट डेटा के मुताबिक, विमान कुछ देर तक आसमान में चक्कर लगाता रहा और फिर नीचे उतरने लगा।

अभी तक यह साफ नहीं है कि विमान में क्या खराबी आई थी। यह भी नहीं पता कि यह कोई तकनीकी समस्या थी या कुछ और। अमेरिका ने इसे लेकर जानकारी शेयर नहीं की है। ईरान ने वअए के फुजैराह में एक पेट्रोलियम प्लांट पर ड्रोन हमला किया। इससे इंडस्ट्री एरिया में आग भड़क उठी। इसमें 3 भारतीय भी घायल हुए हैं। अमेरिका ने होर्मुज के आसपास प्रोजेक्ट फ्रीडम पहल शुरू किया। इसके तहत होर्मुज में फंसे विदेशी जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद करने का वायदा किया गया है। होर्मुज स्ट्रेट में दक्षिण कोरिया के एक जहाज पर हमला हुआ जिससे आग लग गई। ट्रम्प का कहना है कि यह हमला ईरान ने किया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अमेरिकी सेना ने जब्त ईरानी जहाज टूस्का को पाकिस्तान को सौंप दिया। इसे 22 क्रू मेंबर के साथ ईरान भेजा गया। अमेरिकी नेवी ने 21 अप्रैल को इस जहाज को पकड़ा था।

## इटली की पीएम की अश्लील डीपफेक तस्वीर वायरल

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अपनी अश्लील डीपफेक तस्वीर पर आपत्ति जताई है। उन्होंने यह तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि इन दिनों मेरी कई नकली तस्वीरें फैल रही हैं, जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाया गया है और कुछ लोग उन्हें असली बताकर शेयर कर रहे हैं। मेलोनी ने कहा, 'मुझे मानना पड़ेगा कि जिसने ये तस्वीरें बनाई हैं, उसने कुछ मामलों में मुझे और बेहतर दिखा दिया है। लेकिन असली बात यह है कि अब लोग किसी पर हमला करने और झूठ फैलाने के लिए कुछ भी करने लगे हैं।'

# स्पेन ने हंतावायरस से प्रभावित क्रूज शिप को एंट्री दी, अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

स्पेन ने हंतावायरस (चूहों वाले वायरस) से जूझ रहे क्रूज शिप एमवी होंडियस को कैनरी आइलैंड्स में उतरने की अनुमति दे दी है। यह फैसला मानवीय आधार पर लिया गया है, ताकि जहाज पर मौजूद यात्रियों और क्रू मेंबर्स को तुरंत इलाज मिल सके।

अप्रैल की शुरूआत में शुरू हुए इस संक्रमण में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि एक ब्रिटिश नागरिक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज साउथ अफ्रीका में चल रहा है। जहाज के दो क्रू मेंबर्स को भी तत्काल मेडिकल सहायता की जरूरत है। शिप पहले पश्चिम अफ्रीका की ओर जा रहा था, लेकिन वहां उतरने की अनुमति नहीं मिली।

इसके बाद स्पेन ने आगे आकर जिम्मेदारी संभाली। यह कदम विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूरोपीय संघ के अनुरोध पर उठाया गया। स्पेन के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, जहाज के पहुंचने पर सभी यात्रियों और स्टाफ की मेडिकल जांच की जाएगी। संक्रमित लोगों का इलाज किया जाएगा और बाकी लोगों को उनके देशों में सुरक्षित वापस भेजा जाएगा।

## ट्रम्प बोले- 8-9 साल और राष्ट्रपति रहूंगा:सुनकर लोग हंसने लगे तो कहा- मैं मजाक नहीं कर रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई है। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वे 8-9 साल बाद पद छोड़ेंगे। यह सुनकर वहां मौजूद लोग हंसने लगे तो ट्रम्प ने कहा कि वह मजाक नहीं कर रहे। उन्हें काम करना पसंद है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अभी उनके कार्यकाल की शुरूआत ही है और बहुत काम बाकी है।

ट्रम्प अगले महीने 80 साल के हो जाएंगे। उन्होंने अपनी उम्र को लेकर भी मजाक किया। उन्होंने कहा, ह्लमैं बुजुर्ग नहीं हूं; मैं बुजुर्ग से कहीं ज्यादा जवान हूं। मुझे आज भी वैसा ही महसूस होता है जैसा 50 साल पहले होता था।ह्व इससे पहले एंडी ओगल्स ने 23 जनवरी 2025 को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में एक बिल पेश किया था। इस बिल का मकसद अमेरिकी संविधान में बदलाव करके डोनाल्ड ट्रम्प के लिए तीसरी बार राष्ट्रपति बनने का रास्ता खोलना था। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि जो व्यक्ति लगातार दो बार राष्ट्रपति नहीं रहा है, वह तीसरी बार चुनाव लड़ सके। चूंकि ट्रम्प 2020 में चुनाव हार गए थे, इसलिए इस बदलाव के बाद वे फिर से राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य हो सकते थे।हालांकि यह बिल आगे नहीं बढ़ पाया और हाउस में वोटिंग तक भी नहीं पहुंच सका। दरअसल, अमेरिका में संविधान बदलना बहुत मुश्किल होता है। इसके लिए हाउस और सीनेट दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होता है। मौजूदा हालात में रिपब्लिकन पार्टी के पास इतना बहुमत नहीं है।

इसके अलावा, ऐसे बदलाव को लागू करने के लिए 50 में से कम से कम 38 राज्यों की मंजूरी भी जरूरी होती है। अभी कई राज्यों में विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी की सरकार है, इसलिए इस तरह का प्रस्ताव पास होना बहुत मुश्किल माना जाता है।

# कर्ज से परेशान पाकिस्तान ने शराब एक्सपोर्ट शुरू किया

### गैर मुस्लिम देशों को सप्लाई, 50 साल पहले इस्लाम का हवाला देकर बैन किया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

कर्ज से जूझ रहे पाकिस्तान ने 50 साल बाद फिर से दूसरे देशों को शराब बेचना शुरू कर दिया है। देश की इकलौती लोकल कंपनी मरी ब्रूअरी ने अप्रैल 2026 में ब्रिटेन, जापान, पुर्तगाल और थाईलैंड जैसे देशों को बीयर और अन्य अल्कोहलिक ड्रिंक्स एक्सपोर्ट की हैं।


कंपनी के एक्सपोर्ट मैनेजर रमीज शाह के मुताबिक, अभी शुरूआत में विदेशों में नेटवर्क बनाया जा रहा है और आगे चलकर प्रोडक्शन बढ़ाने की योजना है। पाकिस्तान में मुस्लिम आबादी के लिए करीब 50 साल पहले इस्लामिक नियमों का हवाला देकर




शराब पर बैन लगाया गया था।

इसके बाद शराब का एक्सपोर्ट भी बंद हो गया था। हालांकि, पाकिस्तान में गैर-मुस्लिमों के लिए कुछ छूट थी। पाकिस्तान सरकार ने 2025 में शराब एक्सपोर्ट की अनुमति दी थी, जिसके बाद अब उन देशों में सप्लाई शुरू की गई जो ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (डक्ळ) का हिस्सा नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तानी सरकार की कमाई और खर्च के बीच बड़ा अंतर है। वित्त वर्ष 2026 में सरकार की वास्तविक आय करीब 11,072 अरब पाकिस्तानी रुपए (40 अरब डॉलर) है, जबकि खर्च 16,286 अरब रुपए (58 अरब डॉलर) तक पहुंच चुका है। इसमें से करीब 8,200 अरब रुपए (30 अरब डॉलर) सिर्फ कर्ज के ब्याज चुकाने में खर्च हो रहे हैं। पाकिस्तान पर इस समय लगभग 38,640 अरब पाकिस्तानी रुपए (138 अरब डॉलर) का बाहरी कर्ज है। इसमें सरकारी कर्ज के अलावा निजी क्षेत्र, बैंकों और कंपनियों की देनदारियां भी शामिल हैं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. देवर्षि, देवमुनि-3
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

**ऊपर से नीचे**

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 2 | | 15 | | 3 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 5 | | 2 | | 5 | = | 5 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 20 | | 2 | | 12 | = | 38 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 5 | | 10 | | 5 | = | 15 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 33 | | 22 | | 5 | | 15 | = | 12 / 70 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | क | दो | यु | ला | प | य | रे | ली | झ | क |
| ज | ल | ल | प | आ | रिं | पू | ना | दि | शा | ऊ |
| अं | इ | रा | म | सं | ग | ल | श | र | न | ल |
| क | कु | दा | म | धा | व | रा | प | ख | श | र |
| क | ति | व | न | पु | क | र | ल | ग | वी | इ |
| ब | स्ती | ल | लि | व | र | र्त | ऐ | ढ़ | प | ला |
| ती | अ | ल | श | या | प | म | ग | कौ | ला | ह |
| क | ली | अ | ब | त | क | म | प्प | न | श | या |
| क | ग | थो | तें | व | ज | ज | द | शा | जू | द |
| द | ढ़ | ल | प | आ | रं | र्त | ऐ | यें | प | रु |
| थो | त | सा | वि | ज | नौ | र | जा | एं | प | क |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पप्पू अपनी पत्नी से-
अच्छा ये बताओ 'बिदाई' के समय तुम
लड़कियां इतनी रोती क्यों हो?
पत्नी- 'पागल' अगर तुझे पता चले...
अपने घर से दूर ले जाकर कोई तुमसे
'बर्तन मंजवाएगा' तो तू क्या नाचेगा...

0000000000

जज : घर में मालिक होते हुए तूने चोरी कैसे की?
चोर : साहब, आपकी नौकरी अच्छी है, और सैलरी
भी अच्छी है, फिर आप ये सब सीख कर क्या करोगे?

0000000000

पब्लिक टॉयलेट में लिखा था
'दुनिया चांद पर पहुंच गयी
और तू यहीं पर बैठा है'
पप्पू ने अपना दिमाग लगाया
और नीचे लिखा
'चांद पर पानी नहीं था
इसलिए वापस आ गया'

0000000000

पति- पानी लेके आओ..
पत्नी- क्यों ना आज तुम्हें मटर पनीर
और शाही पुलाव बनाकर खिलाऊं...
पति- वाह वाह...!
मुंह में पानी आ गया..
पत्नी- आ गया ना मुंह में पानी
बस इसी से काम चला लो..

0000000000

टीचर- टिटू बताओ..
अकबर ने कब तक शासन किया था ?
टिटू- सर जी..
पेज नंबर 14 से लेकर
पेज नंबर 22 तक..।

0000000000

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# बंगाल- 10 साल में भाजपा 3 से 207 पर पहुंची

## तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी जीती

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के रिजल्ट सोमवार को आए। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरलम में सरकारें बदल गईं। असम और पुडुचेरी में एनडीए ने वापसी की। बंगाल में TMC को हराकर भाजपा पहली बार सत्ता में आई। पार्टी दस साल में 3 सीटों से 207 सीटों पर पहुंच गई है। तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की पार्टी TVK ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। 59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें DMK या AIADMK नहीं होगी। दो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमके स्टालिन चुनाव हार गए।**

### बंगाल में 12 मंत्री हारे, भाजपा का 70% स्ट्राइक रेट



महिला को मिल सकती है कमानः बंगाल में भाजपा ने बिना चेहरे के चुनाव लड़ा, इसलिए अब बड़ा सवाल यह है कि कौन मुख्यमंत्री होगा। संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे है। पार्टी किसी महिला चेहरे को भी ला सकती है।

भाजपा का 70% स्ट्राइक रेटः बंगाल में भाजपा ने 293 में से 206 सीटें जीतकर करीब 70% का स्ट्राइक रेट हासिल किया। वहीं, ळटउ 81 सीटों पर सिमट गई और उसका स्ट्राइक रेट करीब 27.6% रहा।

ममता समेत 22 मंत्री हारेः सीएम ममता समेत 35 मंत्रियों में से 22 चुनाव हार गए। ममता के पास होम मिनिस्ट्री समेत 7 महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी। महिला और बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा, उदयन गुहा, ब्रत्य बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बसु, सिद्दीकुल्लाह चौधरी, रथिन घोष, बेचाराम मन्ना, बिरबाहा हंसदा, मोलय घटक को हार का सामना करना पड़ा है।

पहली बार राज्य और केंद्र में एक ही पार्टी की सरकारः 1972 के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में अब ऐसी पार्टी की सरकार होगी, जो केंद्र में भी सत्ता में है। 1972 में राज्य में कांग्रेस ने 216 सीटें जीतीं थीं और उस वक्त केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी। बांग्लादेश सीमा, घुसपैठ और प्रशासनिक नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी सख्ती हो सकती है। मोदी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में इसका ऐलान भी किया।

## असम चुनाव 2026

### टॉप हॉट सीटों के नतीजे

| सीट | जीत | वोट | मार्जिन | हार | वोट |
|---|---|---|---|---|---|
| जलुकबाड़ी | हिमंता बिस्वा सरमा | 1,24,996 | 87701 | बिदिशा नियोग | 37,295 |
| दिसपुर | प्रद्युत बोरदोलोई | 1,03,337 | 49667 | मीरा बोरठाकुर | 53,670 |
| जोरहाट | हितेंद्र नाथ गोस्वामी | 69,439 | 23182 | गौरव गोगोई | 46,257 |

## तमिलनाडु चुनाव 2026

### टॉप हॉट सीटों के नतीजे

| सीट | जीत | वोट | मार्जिन | हार | वोट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलाथुर | वीएस बाबू | 82,997 | 8795 | एमके स्टालिन | 74,202 |
| पेरंबूर | विजय | 1,20,365 | 53715 | आरडी शेखर | 66,650 |
| चेपॉक-तिरुवल्लिकेनी | उदयनिधि स्टालिन | 62,992 | 7140 | डी. सेल्वम | 55,852 |
| एडप्पादी | के. पलानीस्वामी | 1,48,933 | 98110 | के. प्रेमकुमार | 50,823 |

## बंगाल चुनाव 2026

### टॉप हॉट सीटों के नतीजे

| सीट | जीत | वोट | मार्जिन | हार | वोट |
|---|---|---|---|---|---|
| भवानीपुर | सुवेंदु अधिकारी | 73,917 | 15105 | ममता बनर्जी | 58,812 |
| नंदीग्राम | सुवेंदु अधिकारी | 1,27,301 | 9665 | पवित्र कर | 1,17,636 |
| खड़कपुर सदर | दिलीप घोष | 89,885 | 30506 | प्रदीप सरकार | 59,379 |
| रेजीनगर | हुमायूं कबीर | 1,23,536 | 58876 | बापन घोष | 64,660 |
| नौदा | हुमायूं कबीर | 86,463 | 27943 | राना मंडल | 58,520 |
| पानीहाटी | रत्ना देबनाथ | 87,977 | 28836 | तीर्थंकर घोष | 59,141 |
| बहरामपुर | शुभ्रत मैत्रा | | 17548 | अधीर रंजन चौधरी | |

■ वर्ष-12 अंक-182 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 06 मई, 2026

## सुभाषितानि

**हस्तस्य भूषणम दानम, सत्यं कंठस्य भूषणं।**
**श्रोतस्य भूषणं शास्त्रम, भूषनै :किं प्रयोजनम।।**

**भावार्थ** : हाथ का आभूषण (गहना) दान है, गले का आभूषण सत्य है, कान की सुंदरता शास्त्रों को सुनने से है, अन्य आभूषणों की क्या आवश्यकता है।

**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
**चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलं।।**

**भावार्थ** : जो व्यक्ति बड़ों का सम्मान करता है और नियमित रूप से बड़ों की सेवा करता है, उसकी आयु, ज्ञान, प्रसिद्धि और शक्ति में चार चीजें बढ़ती हैं।

## सम्पादकीयम्

### अमेरिकनः पायलट् इरान्तः

अमेरिकनः पायलट् इरान्तः सुरक्षितरूपेण प्रत्यागतवान्, मातुः अश्रुपातः निवृत्तः; परन्तु १६०० ईरानीमातृणां पीडां कः अवगमिष्यति? अधुना एव सामाजिकमाध्यमेषु साझाकृतायाः मातुः प्रार्थनायाः कारणात् युद्धजन्यमानवदुःखं प्रकटितम्। अमेरिकनयुद्धविमानचालकपुत्रस्य सुरक्षितपुनरागमनानन्तरं तस्याः मातुः मुखं स्मितं पुनः आगतं अस्ति। परन्तु इरान्-देशे अमेरिकन-इजरायल-आक्रमणेषु मृतानां १६०० तः अधिकानां नागरिकानां मातृणां पीडां कः अवगमिष्यति? अद्यैव सामाजिकमाध्यमेषु एकस्याः मातुः सन्देशः प्रादुर्भूतः। सा स्वस्य युद्धविमानचालकपुत्रस्य विषये अतीव चिन्तिता आसीत्। सा (पूर्वं ट्विर्ट्) इत्यत्र लिखितवती यत् अद्य रात्रौ कृपया स्वप्रार्थनासु तान् जी-15-विमानचालकद्वयं स्मर्यताम्, येषां विमानं इरा्न्-देशस्य उपरि निपातितम्। मातरः सार्वत्रिकः बन्धः, तेषां प्रार्थनाः सवेर्षु प्रतिध्वनिताः भवन्ति। अमेरिकादेशः स्वस्य विमानचालकानाम् उद्धाराय अन्वेषण-उद्धार-कार्यक्रमं प्रारब्धवान्-तस्याः मातुः पुत्रः अपि। परन्तु एतेन कथायाः एकं पक्षमेव प्रतिनिधित्वं भवति; अपरपक्षे शतशः इराणीमातरः अश्रुभिः मग्नाः सन्ति। सहस्राणि मृतानि : एतावता अस्मिन् संघर्षे ३५०० तः अधिकाः ईरानीजनाः स्वप्राणान् त्यक्तवन्तः। प्रायः २५० बालकैः सह १६०० तः अधिकाः सामान्याः नागरिकाः मारिताः सन्ति।

रघुशर्मा मुम्बई-भारतीयानां कृते पदार्पणं कृत्वा

# बज्-सृजति; ज्ञातव्यं यत् एषः युवा स्पिनरः कः अस्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

आईपीएल २०२६-क्रीडायां मुम्बई-इण्डियन्स्-क्लबस्य प्रतिनिधित्वं कृत्वा नूतनं मुखं सवेर्षां ध्यानं आकर्षितवान्। पञ्जाबदेशस्य युवा लेग-स्पिनरः रघुशर्मा चेन्नैसुपरकिङ्गस्-विरुद्धे मेलने आईपीएल-क्रीडायां पदार्पणं कृतवान्, तत्क्षणमेव क्रिकेट्-जगत् अन्तः चर्चा-विषयः अभवत एषः मेलः एम.ए.चिदम्बरम-क्रीडाङ्गणे क्रीडितः, यत्र रघुशर्मा-महोदयस्य प्रथमं सोपानं-तारकक्रीडकानां पङ्क्ति-मध्ये कृतं-तस्य करियरस्य कृते महत्त्वपूर्णः क्षणः इति गण्यते

रघुशर्मा इत्यस्य जन्म २००० तमस्य वर्षस्य फेब्रुवरी-मासस्य २४ दिनाङ्के पञ्जाब-देशे अभवत्, सः दक्षिणबाहु-पद-स्पिन्-क्रीडाङ्गणकर्त्ता अस्ति । तस्य गेन्दबाजीशैली पारम्परिकलेग्-स्पिन्-इत्यत्र मूलभूता अस्ति, यत्र नियन्त्रणं, सटीकता च प्राथमिकताम् अददात्। सः धावनस्य प्रवाहं निवारयितुं प्रसिद्धः अस्ति, कठिनरेखायां दीर्घतायां च निरन्तरं गेन्दबाजीं कर्तुं निपुणः इति मन्यते घरेलुक्रिकेट्-क्रीडायां तस्य प्रदर्शनमेव अस्य स्तरं प्राप्तुं प्रेरितवान्।

घरेलुक्रिकेट्-क्रीडायां रघुशर्मा पञ्जाब-पुडुचेरी, उत्तराखण्डयोः दलयोः प्रतिनिधित्वं कृत्वा प्रत्येकस्य पक्षस्य कृते बहुमूल्यं प्रदर्शनं कृतवान्। सः पर्याप्तकालं यावत् घरेलुपरिक्रमे नियमितरूपेण स्थापितः अस्ति, तस्य किफायती गेन्दबाजीयाः कारणेन चयनकर्तानां दृष्टिम् आकर्षितवान् च। विशेषतः २०२४-२५ तमे वर्षे हिमाचलप्रदेशविरुद्धे रञ्जीट्रॉफी-क्रीडायां तस्य प्रदर्शनेन-यत्र सः सप्तविकेट्-आकारं कृतवान्-महत्त्वपूर्णं ध्यानं आकर्षितवान्, उदयमानस्य स्पिनररूपेण च तस्य प्रतिष्ठां स्थापितवान्।

२०२५ तमे वर्षे आईपीएल मेगा नीलामस्य समये मुम्बई इण्डियन्स् इत्यनेन रघुशर्मा इत्यस्य अधिग्रहणं ३० लक्षं मूल्येन कृतम्। प्रारम्भे सः जालकन्दुकक्रीडकः इति रूपेण गणे आनीतः; तथापि निरपेक्षपरिश्रमेण, निरन्तरप्रदर्शनेन च सः क्रीडा एकादश-दले स्थानं प्राप्तवान्। आईपीएल २०२६ इत्यस्मिन् पदार्पणं तस्य कृते स्वस्य योग्यतां सिद्धयितुं प्रमुखः अवसरः इति दृश्यते। दलस्य अन्तः तस्य अनुभविनां दिग्गजानां पार्श्वे कार्यं कर्तुं अवसरः अस्ति, यत्र मिचेल् सैण्ट्नर् इत्यादयः क्रीडकाः अपि सन्ति। एतादृशानां अनुभविनां क्रीडकानां पार्श्वे प्रशिक्षणेन तस्य क्रीडायाः अधिकं परिष्कारः, वर्धनं च भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। २६ वर्षे रघुशर्मा इदानीं स्वस्य प्रदर्शनद्वारा दलस्य स्थायिस्थानं प्राप्तुं सुवर्णमवकाशं प्राप्नोति।

डीजे च पूर्णप्रतिबन्धः

## पूवार्नुमोदनं विना कस्यापि प्रकारस्य घटनायाः अनुमतिः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

आगामि उत्सवस्य ऋतुम् अवलोक्य-तथा च नागरिकानां मौलिकानाम् अधिकारानां उल्लङ्घनं निवारयितुं मण्डलस्य अन्तः कानून-व्यवस्थां निर्वाहयितुम् उद्दिश्य-जिलादण्डाधिकारी तथा कलेक्टर राघवेन्द्रसिंहः भारतीयनगरिक सुरक्षासंहिता (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) धारा १६३ अन्तर्गतं निषेधात्मकादेशान् जारीकृतवान् अस्ति। एतेषु आदेशेषु सवेर्षु प्रकारेषु आयोजनेषु, समागमेषु च प्रतिबन्धः भवति, यावत् प्रशासनिकाधिकारिभ्यः पूर्वं अनुमतिः न प्राप्ता भवति।

जिलादण्डाधिकारिणा निर्गतः निषेधात्मकः आदेशः सम्पूर्णे मण्डले तत्कालं प्रभावेण प्रवर्तते, आगामिमासद्वयं यावत कार्यरतः भविष्यति। आदेशे स्पष्टतया उक्तं यत् कस्यापि उल्लङ्घनस्य सन्दर्भे भारतीयन्यायसंहिता (भारतीयन्यायसंहिता) धारा 223 इत्यस्य अन्तर्गतं, अन्येषां सवेर्षां प्रयोज्यवैधानिकप्रावधानानाम् अन्तर्गतं सम्बन्धितव्यक्ति(व्यक्तिनां) विरुद्धं कानूनी कार्रवाई आरब्धा भविष्यति। निषेधात्मकादेशस्य अनुसारं प्रथमं प्रशासनिकाधिकारिभ्यः अनुमतिं न प्राप्य कस्यापि प्रकृतेः आयोजनं कर्तुं न शक्यते। एतादृशी अनुमतिं न प्राप्य यत्किमपि आयोजनं भवति तत् अवैधं घोषितं भविष्यति, आयोजकानाम् विरुद्धं आवश्यकं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चितं भविष्यति। सामुदायिक भोज (भाण्डरा) के आयोजन पर प्रतिबन्धः जिलादण्डाधिकारिणा निर्गतेन निषेधात्मकादेशेन सामुदायिकभोजानां (भण्डाराणां) आयोजने प्रतिबन्धः स्थापितः, सभाः, धर्नाः (धराः), विरोधाः च।

## इल्हान उमरस्य राजनैतिक व्यक्तिगतयात्रा स्वयं महत्त्वपूर्णजनहितस्य विषयः अभवत्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

एतासां टिप्पणीनां विषये बहवः राजनैतिकनेतारः सामाजिकसङ्गठनानि च आक्रोशं प्रकटितवन्तः, यदा तु ट्रम्पस्य समर्थकाः तस्य मुक्तकण्ठराजनैतिकशैल्याः अभिन्नभागत्वेन तान् रक्षन्ति इल्हान उमरस्य राजनैतिकव्यक्तिगतयात्रा स्वयं महत्त्वपूर्णजनहितस्य विषयः अभवत्। सोमालियादेशे जन्म प्राप्य गृहयुद्धस्य कारणेन बाल्यकाले शरणाथीर्रूपेण केन्यादेशं पलायितवती। पश्चात् सा अमेरिकादेशं प्रव्रजितवती, मिनेसोटा-नगरे निवसति, २०१८ तमे वर्षे प्रथमवारं अमेरिकी-काङ्ग्रेस-पक्षे निर्वाचिता च।अमेरिका-काङ्ग्रेस-सङ्घस्य सेवां कुर्वती प्रथमेषु मुस्लिम-महिलेषु अन्यतमा अस्ति, प्रगतिशीलराजनैतिकविचारधारायां च प्रसिद्धा अस्ति सा बहुधा विदेशनीतिः, सामाजिकन्यायः, मानवअधिकारः इत्यादिषु विषयेषु स्वविचारं।

## राशिफल

**मेष** : आर्थिक रूप से, आप अच्छा करेंगे। आज आपका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। कानूनी विवाद जीत सकते हैं।

**वृषभ** : संतुलित आहार लें धन भी सकारात्मक है। जरूरी काम पहले निपटाओ, बाकी को खींचने की जरूरत नहीं।

**मिथुन** : आज काम में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए विकल्पों पर विचार करें। कठोर वित्तीय निर्णय लें।

**कर्क** : धन को सही तरीके से संभालें। मन थोड़ा जल्दी प्रभावित हो सकता है, इसलिए बातों को ज्यादा तूल मत दो।

**सिंह** : आज के दिन आपका धन और संपदा का मामला दोनों ही अच्छा है। आज आप एक्टिव रहेंगे।

**कन्या** : विभिन्न विकल्पों में निवेश करने के लिए ये दिन अच्छा रहेगा। कोई बड़ी स्वास्थ्य समस्या आपको नुकसान नहीं पहुंचाएगी।

**तुला** : आपके स्वास्थ्य के साथ-साथ धन में वृद्धि के विकल्प भी हैं। रोमांस से भरपूर दिन बीतेगा।

**वृश्चिक** : पैसों से जुड़ी कोई बड़ी समस्या नहीं होगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। अपने रिलेशन को पॉजिटिव बनाए रखें।

**धनु** : प्यार में खुश रहें और सभी प्रकार के वाद-विवाद से बचें। ऑफिस में आपका प्रदर्शन तारीफ का पात्र रहेगा।

**मकर** : ध्यान रखें किसी पिछली घटना से संबंधित कोई वाद-विवाद न हो। अनुशासन आपके सीनियर्स का दिल जीत सकता है।

**कुंभ** : पार्टनर पर स्नेह बरसाएं और यह रिश्ते में झलकेगा। ऑफिस से जुड़े मामलों को संभालते समय शांत रहें।

**मीन** : टीम को संभालते समय सावधान रहें अहंकार से जुड़े छोटे-मोटे मुद्दे लीडरशिप स्किल्स पर असर डाल सकते हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# 2032 तक शनि साढ़ेसाती का रहेगा असर, इन राशियों को रहना होगा सावधान

ज्योतिष के अनुसार शनि की साढ़ेसाती का व्यक्ति के जीवन पर गहरा असर पड़ता है। यह करीब साढ़े 7 साल की अवधि होती है, जो तीन ढाई-ढाई साल के चरणों में बंटी होती है। इनमें दूसरा चरण सबसे कठिन माना जाता है, जिसमें चुनौतियां और तनाव बढ़ते हैं, इसलिए इस समय धैर्य और सावधानी जरूरी होती है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार न्याय के देवता शनि के साढ़ेसाती काल का किसी व्यक्ति के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इस अवधि में आमतौर पर तीन राशियों को साढ़ेसाती का सामना करना पड़ता है। लगभग साढ़े सात साल की यह अवधि तीन चरणों में विभाजित होती है, और प्रत्येक चरण



लगभग ढाई साल का होता है। इन तीनों चरणों में से दूसरा चरण सबसे कठिन होता है। यह जीवन में चुनौतियों, दबावों और परीक्षाओं का समय होता है। प्रत्येक चरण में अलग-अलग तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए, इस अवधि के दौरान सावधान रहना, धैर्य बनाए रखना और सही कदम उठाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**मेष राशि** – मेष राशि के जातकों पर इस समय शनि की साढ़ेसाती का पहला चरण चल रहा है जो जून 2027 तक रहेगा। इस चरण में जीवन में अचानक बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जैसे नौकरी में ट्रांसफर, कामकाज में अस्थिरता या खर्चों में तेजी से बढ़ोतरी। पारिवारिक जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती हैं और माता-पिता की सेहत को लेकर चिंता रह सकती है। मानसिक तनाव और बेचैनी महसूस हो सकती है, इसलिए धैर्य और संयम बहुत जरूरी है।

**उपायः** हनुमान जी की पूजा करें। नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करें और सकारात्मक सोच बनाए रखें।

**मीन राशि** – मीन राशि पर साढ़ेसाती का दूसरा और सबसे कठिन चरण चल रहा है। इस दौरान व्यक्ति को करियर,धन और पारिवारिक जीवन में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी या व्यवसाय में उतार-चढ़ाव,आर्थिक तंगी और रिश्तों में तनाव की स्थिति बन सकती है। मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी, लेकिन परिणाम देर से मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ मतभेद भी हो सकते हैं। जून 2027 से तीसरा चरण शुरू होगा और 2032 तक साढ़ेसाती समाप्त होगी।

**उपायः** दान-पुण्य करें। जरूरतमंदों की मदद करें। ईमानदारी और सच्चाई के रास्ते पर चलें तथा किसी भी अनैतिक कार्य से बचें।

**कुंभ राशि**– कुंभ राशि के लिए साढ़ेसाती का तीसरा चरण चल रहा है जिसे अपेक्षाकृत आसान माना जाता है। इस समय कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और आर्थिक दबाव रह सकता है। साथ ही नए अवसर भी सामने आएंगे। करियर में धीरे-धीरे सुधार होगा और पुराने प्रयासों का फल मिलने लगेगा। हालांकि इस दौरान कर्ज लेने या बिना सोचे-समझे निवेश करने से बचना चाहिए। जून 2027 में इस राशि को साढ़ेसाती से पूरी तरह राहत मिल जाएगी।

**उपायः** शनि देव की पूजा करें। शनिवार के दिन दान करें। सादा और अनुशासित जीवनशैली अपनाएं तथा गलत कार्यों से दूर रहें।

## खबर एक नजर...

### तालोद-खेमासा के बीच बेसुध हालत में मिला ड्रायवर

**उज्जैन।** चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम तालोद और खेमासा के बीच बस ड्रायवर राकेश पिता राजाराम 36 साल निवासी ग्राम खेमासा मंगलवार शाम बेसुध हालत में पड़ा मिला। परिजनों को खबर मिली तो मौके पर पहुंचे। भाई अजय उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर आया। डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई। हालत गंभीर होने पर मामले की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा चिंतामण थाना पुलिस को दी गई है।

### टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ का 10 दिन बाद केस दर्ज

**उज्जैन।** राघवी थाना पुलिस ने 10 दिन पहले उज्जैन-गरोठ मार्ग खेड़ा खजूरिया टोल प्लाजा पर हुई तोड़फोड़ के मामले में टोल मैनेजर अभिषेक पिता विनोद कुमार बैरागी निवासी जबलपुर की शिकायत पर पंकज शर्मा और उसके साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पंकज टोल का कर्मचारी था। जिसे नौकरी से निकाल दिया गया था। पंकज ने 23 अप्रैल को तुलाहेड़ा टोल पर भी उत्पात मचाया था और कर्मचारियों के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ की थी। उक्त मामले में भी प्रकरण दर्ज किया था।

### कार में छुपाकर लाया था शराब, जेल भेजा



**उज्जैन।** स्वीफ्ट कार में देशी शराब की 7 पेटी लेकर तराना आ रहे शराब तस्कर को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा था। 30 हजार की शराब बरामद होने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। एसआई रविन्द्र कटारे ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने पर स्वीफ्ट कार को बगोदा रोड हनुमान टेकरी के पास नाकाबंदी कर पकड़ा गया था। चालक ने भागने का प्रयास किया था। जिसे पीछा कर दबोच लिया गया था। पूछताछ में उसका नाम शेरसिंह पिता भगवानसिंह 29 साल ग्राम राचीखेड़ी तहसील तराना सामने आया था। जिसे मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। एसआई कटारे के अनुसार आरोपी पूर्व में भी अवैध शराब के मामले में माकडोन पुलिस की गिरफ्त में आ चुका था। वह काफी समय से अवैध शराब का कारोबार कर रहा है। उससे बरामद शराब 30 हजार और स्वीफ्ट ढाई लाख कीमत की पाई गई है।

### फिलिंग स्टेशन पर कार सवारों ने कर्मचारी मारे थप्पड़

**उज्जैन।** नैनावद घाटी पर ज्योति फिलिंग स्टेशन पर सोमवार-मंगलवार रात कार में सवार 3 से 4 युवक पहुंचे। उन्होने कर्मचारी को सीएनजी भरने के लिये कहा। कर्मचारी कतार में लगे दूसरे वाहनों में गैस भर रहा था। तभी कार सवारों ने पहले डालने की बात पर विवाद शुरू कर दिया और कर्मचारी के साथ थप्पड-मुक्कों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। तराना थाना पुलिस के अनुसार मारपीट में कर्मचारी देवेन्द्र पिता बालूसिंह राजपूत 26 साल निवासी नैनावद चोंट लगी है। जिसकी शिकायत पर मामले में कार सवारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। कार शाजापुर की होना बताई जा रही है। जिसका नम्बर ट्रेस कर मारपीट करने का पता लगाया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 137-1 | 148-3 |
| मेन बाजार | 890-7 | 647-7 |
| मिलन डे | 788-3 | 570-2 |
| मिलन नाइट | 678-1 | 380-1 |

1 3 8

## रिमांड पर पूछताछ जारी, फरार पुत्र की तलाश

# धार से गिरफ्त में आया व्यापारी की हत्या का आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अनाज व्यापारी की 10 दिन पहले हुई हत्या के फरार आरोपी को सोमवार-मंगलवार रात धार से गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या में आरोपी का पुत्र भी शामिल था, जिसकी तलाश जारी है।


बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 24 अप्रैल को तुलसी वेयर हाऊस के पास अनाज व्यापारी राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू पिता सौभागमल जैन 65 साल की ग्राहक से अनाज खरीदने की बात पर हुए विवाद में 100 मीटर दूरी पर अनाज की दुकान संचालित करने वाले निलेश शाह और उसके पुत्र आदर्श शाह ने ताल-घूंसों से पीटकर हत्या कर दी थी। मामले में मृतक व्यापारी के पुत्र अंशुल जैन की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ धारा 103 (1) 351(3),296 (बी), 3(5) का प्रकरण दर्ज किया था। दोनों पिता-पुत्र फरार थे, जिनकी तलाश में लगातार उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। 10 दिन बाद पता चला कि हत्या में शामिल निलेश पिता धन्नालाल शाह 45 साल निवासी ग्राम पलदुना धार में फरारी काट रहा है। रात में एसआई हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, हेमराज खरे, आरक्षक महेश मोर्य की टीम रवाना की गई। जहां से निलेश शाह को गिरफ्तार कर बड़नगर लाया गया। मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। आरोपी निलेश का पुत्र आदर्श फरार है। जिसके संबंध में पूछताछ कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### काम बंदकर व्यापारी ने सौंपा था ज्ञापन

अनाज व्यापारी राजेन्द्र कुमार जैन की हत्या में शामिल आरोपियों की 7 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर 3 दिन पहले अनाज व्यापारियों ने मंडी में फसल खरीदी बंदकर गिरफ्तार करने की मांग करते हुये ज्ञापन सौंपा था। थाना प्रभारी पाटीदार ने व्यापारियों को 2 दिन में गिरफ्तारी का आश्वासन देकर मंडी में खरीदी का काम शुरू कराया था। थाना प्रभारी की टीम ने 2 दिन में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे फरार आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार करने की बात कहीं गई है।

# पानी की तलाश में 50 फीट गहरे कुएं में गिरी गाय

### ढाई घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन से निकाला बाहर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पानी की तलाश में मंगलवार को पांच माह की गर्भवती गाय 50 फीट कुएं में गिर गई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गाय का ढाई घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

घट्टिया थाना एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावा ने बताया कि ग्राम नजरपुर में दोपहर के समय 50 से 55 फीट गहरे कुएं में एक किसान की गाय के गिरने का मामला सामने आने पर पुलिस पहुंची थी। कुएं में पानी काफी अधिक था। गाय को बाहर निकाले के लिये रेस्क्यू शुरू किया गया। करीब 10 से 12 फीट पानी कुएं से खाली कराया गया और क्रेन की मदद से 2 युवकों को नीचे उतारा गया। दोनों ने गाय को क्रेन के पट्टे में लपेटा और ढाई घंटे की मशक्कत के बाद गाय का बाहर निकाल लिया गया। गाय पांच माह की गर्भवती थी। गाय को निकालने के लिये शुरू किये गये रेस्क्यू के दौरान ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई थी। बेजुबान को बाहर निकालने के लिये ग्रामीणों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# चार ट्रेनों में सवार यात्रियों के मोबाइल चोरी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी होने की वारदात थम नहीं रही है। एक बार फिर चार ट्रेनों में यात्रियों के कीमती मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। जीआरपी ने चारों यात्रियों की शिकायत दर्ज की है।

बताया जा रहा है कि नागदा की ओझा कालोनी का रहने वाला नवीन पिता प्रेमनारायण शर्मा 34 साल इंदौर-गांधीनगर एक्सप्रेस में सोमवार रात को इंदौर से नागदा का सफर कर रहा था। उसी दौरान बदमाशों ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया। दूसरी वारदात डेमू ट्रेन में मीता पति अनिल राठौर 50 साल निवासी मंदसौर के साथ हुई। मीता अपने पुत्र के साथ ट्रेन में सवार थी। शिप्रा ब्रिज के पास पता चला कि बेग में रखा मोबाइल गायब है। तीसरी मोबाइल चोरी की वारदात का शिकार दामोदरखेड़ी विदिशा के दीपेश अहिरवार के साथ हुई। शांति एक्सप्रेस के जनरल कोच में अहमदाबाद से इंदौर आ रहे दीपेश को मोबाइल बदमाश ने चोरी कर लिया। चौथा मामला अहमदाबाद निवासी भूपेन्द्र भाई के साथ उज्जैन स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 4 पर हुआ। भूपेन्द्र अपने दोस्त संतोष यादव के साथ महाकाल दर्शन करने आये थे। वापस लौट समय ट्रेन में चढ़ने के दौरान भीड़ के बीच बदमाशों ने उनकी जेब से मोबाइल उड़ा दिया। चारों मामलों में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया है। ट्रेनो में सबसे अधिक मोबाइल चोरी की वारदात होना सामने आ रहा है। विगत शनिवार को ही जीआरपी ने ट्रेनों में मोबाइल चोरी करने वाले शाजापुर के बदमाश विनोद मेवाड़ा उर्फ चोंटी को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से 1.88 लाख कीमत के 18 मोबाइल बरामद किये गये थे। बावजूद ट्रेनों में वारदात थम नहीं रही है। बदमाश भीड़ के बीच यात्रियों के मोबाइल चोरी करने के बाद बीच रास्ते में पड़ने वाले स्टापेज पर उतरकर गायब हो जाते है।

### बड़नगर से आये युवक के पास मिली एमडी ड्रग्स

**उज्जैन।** मादक पदार्थ की पुड़िया बेचने बड़नगर से आये युवक की खबर मिलने पर सोमवार-मंगलवार रात पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा। युवक के पास से 15 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है।

जिले का नशा मुक्त बनाने के लिये एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देशन में लगातार अवैध मादक पदार्थ कारोबार में शामिल आरोपियों की धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात नीलगंगा थाना पुलिस को खबर मिली कि सांवराखेड़ी पंचमुखी हनुमान मंदिर क्षेत्र में पीले रंग की शर्ट पहना युवक मादक पदार्थ की पुड़िया बेचने की फिराक में खड़ा है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने एसआई भूपेन्द्रसिंह चौहान, आरक्षक अंकित, विक्रम और प्रशांत को सांवराखेड़ी रवाना किया। पीले रंग की शर्ट पहने युवक ने पुलिस को देखा तो बचकर निकलने का प्रयास करने लगा। टीम ने उसका पीछा किया और दबोच लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम तनवीर उर्फ तनु पिता ताहिर शेख 21 साल निवासी शाहजलालपुरा बड़नगर बताया। एसआई चौहान द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक की थैली में रखा मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हो गया। एसआई चौहान के अनुसार मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। आरोपी ड्रग्स किसे देने आया था और कहां से लाया था, इस संबंध में पूछताछ जारी है।



## किसान के घर चोरी का 7 दिन बाद दर्ज किया मामला

# दिनदहाड़े दरवाजा तोड़कर बदमाशों ने चुराये 12 लाख रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



किसान के मकान का दिनदहाड़े दरवाजा तोड़कर हुई 12 लाख रुपए की चोरी के मामले में 7 दिन बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। अब बदमाशों की तलाश शुरू की गई है।

राघवी थाना क्षेत्र के महुडीपुरा में रहने वाला दिलीप पिता मदनलाल शर्मा खेती किसानी का काम करता है। 26 अप्रैल को उसके पुत्र महेश और पुत्री मनीषा का सामूहिक सम्मेलन में विवाह था। परिवार सुबह ग्राम पलदूना सम्मेलन में गया था। शाम 6 बजे वापस लौटा तो मकान का दरवाजा टूटा हुआ था। घर में रखी पेटी खुली हुई थी। जिसमें रखे 12 लाख रुपए नगद गायब थे। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने जांच के बाद 4 मई की देर शाम अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि किसान दिलीप शर्मा ने बच्चों की शादी के लिये अपनी 2 बीघा जमीन का सौदा 6.67 लाख में किया था। शेष रुपए 5.33 लाख परिचित से उधार लिये थे। कुल 12 लाख उसने घर में रखे थे। जिसे बदमाश चुराकर ले गये है। आशंका जताई जा रही है कि वारदात करने वालों को घर में रुपए रखने होने की जानकारी थी। दरवाजा तोड़ने के बाद पेटी में रखे रुपए ही चोरी किये गये है।

### इधर बाइक सवारों का नहीं मिला सुराग

नीलगंगा थाना क्षेत्र के सार्थक नगर में विजय जैन के मकान में 2 मई को लाखों की चोरी होना सामने आया था। मामले में पुलिस ने जांच शुरू की थी। इस दौरान रात में बाइक पर सवार 2 बदमाश दिखाई दिये थे। बाइक चल रहे बदमाश ने चेहरे पर रूमाल का नकाब बांध रखा था। पीछे बैठे बदमाश ने हेलमेट लगाया था। पुलिस फुटेज के आधार पर दोनों की तलाश कर रही है। मंगलवार शाम तक दोनों का सुराग नहीं मिल पाया था।

### चोरी की वारदातों का बढ़ा ग्राफ

शादी समारोह के सीजन में चोरी की वारदातों का ग्राफ बढ़ गया है। बदमाश सूने मकानों का निशाना बना रहे है। पिछले कुछ दिनों में नीलगंगा थाना क्षेत्र के सार्थकनगर, सुभाषनगर, तिरुपति डायमंड कालोनी में चोरी की बड़ी वारदात हो चुकी है। बदमाशों ने मक्सीरोड स्थित भाजपा महिला पार्षद के मकान का भी ताला तोड़कर आभूषण चोरी किये थे। सभी वारदातों में फुटेज सामने आने पर पुलिस अब तक बदमाशों का पता नहीं लगा पाई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com